


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः174 | ग्वालियर, 4 मार्च सोमवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## मध्य प्रदेश में बदला मौसम का मिजाज, भारी बारिश और ओलावृष्टि ने बढ़ाई किसानों की चिंता

मध्य प्रदेश के चित्रकूट में रविवार को भारी बारिश हो रही है और तेज हवाएं चल रही हैं. यहां कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई है. मौसम में अचानक हुए इस बदलाव और ओलावृष्टि होने के कारण लोगों में उत्सुकता दिख रही है और वे ओलावृष्टि का वीडियो बनाते दिख रहे हैं तो दूसरी तरफ किसानों की मुसीबत बढ़ गई है क्योंकि इससे दलहन और तिलहन की फसलों को नुकसान होने का खतरा है.मध्य प्रदेश में ओलावृष्टि केवल चित्रकूट में ही नहीं हुई है बल्कि निवाड़ी जिले में ओलावृष्टि किसानों के लिए आफत लेकर आई है जहां उनकी फसल नष्ट हो गई है. ओलों का वजन 50 और 100 ग्राम के बीच है और इसके भार से फसलें जमीन पर गिर रही हैं. मौसम विभाग ने रविवार को कई स्थानों पर आंधी, बारिश और ओले




पड़ने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया था. राज्य में कई स्थानों पर कुछ दिनों से बारिश का सिलसिला जारी है. राज्य के शिवपुरी, टीकमगढ़ और विजयपुर जिले में भी बारिश हुई है.

**सीएम ने नुकसान के सर्वे के दिए आदेश**–फसलों को हो रहे नुकसान के बीच सीएम मोहन यादव ने जिला कलेक्टरों को सर्वे के निर्देश दिए हैं. सीएम कार्यालय की ओर से किए गए ट्वीट में कहा गया है, सीएम मोहन यादव ने मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में असामयिक वर्षा और ओलावृष्टि को लेकर संबंधित जिला कलेक्टरों को तत्काल सर्वे के निर्देश दिए हैं. वहीं, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी मौसम की प्रतिकूल स्थिति के संबंध में एक ट्वीट किया है.उन्होंने लिखा, गुना, अशोकनगर और शिवपुरी ज़िलों के ग्रामीण क्षेत्रों मे ओलावृष्टि की सूचना मिली है. विपत्ति की घड़ी मे मेरे तीनों जिलों के परिवारजनों के साथ खड़ा हूं. इस संबंध में मैने प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए हैं कि क्षतिग्रस्त फसलों का जल्द सर्वे कर प्रभावित किसानों को राहत प्रदान की जाये.

## सीएम मोहन यादव आज यूपी के दौरे पर, लखनऊ में यादव महाकुंभ में होंगे शामिल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार (तीन मार्च) को उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहने वाले हैं. सीएम डॉ. मोहन यादव लखनऊ में आयोजित ÷यादव महाकुंभ÷ में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे. इसकी जानकारी सीएम ने खुद अपने सोशल माडिया अकाउंट एक्स पर दी. सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा ÷आज मैं लखनऊ, उत्तर प्रदेश में ÷यादव महाकुम्भ÷ में आप सभी के बीच उपस्थित रहूंगा. इस अप्रतिम सामाजिक समरसता के आयोजन में आमंत्रित करने के लिए आप सभी उत्तर प्रदेश वासियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं.वहीं एमपी के सीएम ने इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जब लखनऊ हवाई अड्डे पर पहुंचे तो उन्होंने कहा कि, यह पूरा देश हमारा है. उन जगहों पर जाने में कोई आपत्ति नहीं है, जहां हमारे लोग हैं. मुझे खुशी है कि मैं आज यहां उत्तर प्रदेश में आया हूं. लखनऊ में आयोजित इस ÷यादव महाकुंभ÷ में



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संबोधन भी होगा. सीएम यहां राज्य के कई जिलों से आए यादव समाज के लोगों को संबोधित करेंगे. कहा जा रहा है कि, एमपी के सीएम का ये यूपी दौरा लोकसभा चुनावों के लिहाज से काफी अहम है.

**यूपी में लोकसभा की 80 सीटें**–दरअसल, दिल्ली की गद्दी का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर जाता है. यूपी में लोकसभा की 80 सीटें हैं. ये लोकसभा सीटें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर काफी अहम हैं और इसलिए बीजेपी यूपी में सीएम मोहन यादव के जरिए यादव वोट बैंक में सेंधमारी की तैयारी में है. बीजेपी को ये बात बखूबी पता है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में यादव समाज बड़ा प्रभाव रहा है. सियासी जानकारों का कहना है कि, बीजेपी सीएम डॉ. मोहन यादव के जरिए समाजवादी पार्टी के यादव वोट बैंक को कमजोर कर देना चाहती है.लखनऊ में आयोजित हो रहे यादव महाकुंभ में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का शामिल होना विपक्ष के माथे पर चिंता की लकीरें खींच सकता है. क्योंकि राज्य में ऐसी कई लोकसभा की सीटें हैं, जहां यादव वोट निर्णायक भूमीका अदा करते हैं.

## कांग्रेस का हाथ छोड़कर BJP का दामन थामने वाले इन 2 नेताओं को मिला टिकट, 5 का फैसला बाकी

बीजेपी की तरफ से शनिवार को लोकसभा प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी गई है. 195 प्रत्याशियों की इस लिस्ट में मध्यप्रदेश की 24 सीटों के उम्मीदवारों का नाम भी शामिल है. मध्यप्रदेश में बीजेपी ने कांग्रेस छोड़कर आए 2 नेताओं को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रत्याशी बनाया है. जिसमें एक नाम केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का तो दूसरा नाम साथ ही बीजेपी में शामिल हुए राहुल लोधी का है. इसके अलावा कांग्रेस से बीजेपी में शामिल हुए 5 और नेताओं में किस-किसकों और टिकट मिल पाएगा, ये फैसला होना अभी बाकी है.

**'युवा, अनुभवी, महिला और सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया गया'**–कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा मध्य प्रदेश में प्रवेश करते ही बीजेपी ने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करते हुए उन्हें चुनावी रण में उतार दिया है. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता आशीष अग्रवाल के मुताबिक बीजेपी ने ऐसे



नेताओं को प्रत्याशी बनाया है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को शत प्रतिशत पूरा करेंगे. इसके अलावा जिन प्रत्याशियों की सूची सामने आई है उनमें युवा, अनुभवी, महिला और सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया गया है.

**'2 कांग्रेसी नेताओं को बीजेपी ने दिए टिकट'**–बीजेपी की पहली सूची में मध्य प्रदेश के 2 पूर्व कांग्रेस नेताओं को टिकट मिले हैं. इनमें केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम भी शामिल है. इनके अलावा दमोह से राहुल लोधी को टिकट दिया गया है. राहुल लोधी भी ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ बीजेपी में शामिल हुए थे. कांग्रेस ने बीजेपी के टिकट वितरण मुद्दे पर फिलहाल चुप्पी साथ रखी है.

**'राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर पूरा फोकस**–वहीं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता केके मिश्रा ने कहा है कि अभी पूरी पार्टी का फोकस राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर है. वे बीजेपी के टिकट वितरण को सही ढंग से देख भी नहीं पा रहे हैं. कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आए कई नेताओं को विधानसभा चुनाव में टिकट दिए गए थे. इसी फार्मूले पर लोकसभा चुनाव में भी दांव खेला गया है. बीजेपी ने 6 सांसदों के टिकट काटकर परफॉर्मेंस के आधार पर टिकट वितरण का फार्मूला लागू किया है. वही जातिगत समीकरण के साथ-साथ सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश भी की है.

## वन विभाग से बर्खास्त कर्मचारी ने पत्नी के साथ मिलकर मौत को लगाया गले, सुसाइड नोट में बताई ये वजह

मध्यप्रदेश के उर्जाधानी सिंगरौली जिले से दंपत्ति द्वारा आत्महत्या करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. मृतक वन विभाग का बर्खास्त कर्मचारी था जिसने अपनी पत्नी के साथ आत्महत्या कर ली. पड़ोसियों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं पुलिस को एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है. फिलहाल मामले के हर पहलू पर पुलिस जांच कर रही है.



**घर के कमरे में फांसी पर लटके पति-पत्नी**–सिंगरौली जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित वन विभाग की कॉलोनी में रहने वाले पति-पत्नी के शव फांसी के फंदे पर लटके हुए मिले. बताया जा रहा है कि वन विभाग में दैनिक वेतनभोगी के रूप में पदस्थ रहे शिवराज सिंह उम्र 57 साल थी. वहीं उनकी पत्नी निर्मला उम्र 55 साल थी. बीते शुक्रवार को अपने ही गांव सीधी से लौटकर सिंगरौली बैढन आए थे. गांव से आने के बाद दोनों पति-पत्नी ने घर के अंदर कमरे में एक ही फंदे से फांसी लगा ली. सूचना मिलने के बाद पुलिस दरवाजा तो?कर कमरे के अंदर घुसी. कमरे के अंदर से पुलिस ने एक सुसाइड नोट भी बरामद किया.

**सुसाइड नोट से खुला खौफनाक कदम उठाने का राज**–बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले मृतक शिवराज सिंह ने 5 पेज का सुसाइड नोट भी लिखा. उसमे इस बात का जिक्र किया है कि वन विभाग में कार्यरत सहकर्मी रजनी गुप्ता उन्हें प्रता?ित कर रही है और पैसों की डिमांड करती है. सहकर्मी रजनी गुप्ता अन्य मामले में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी भी दे रही है.




# दबोह में जनता के बीच पुलिस का जनसंवाद कार्यक्रम सम्पन्न,थाना प्रभारी ने समस्याएं सुन,जल्द निराकरण करने का दिया आश्वासन






**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह- प्रदेश सरकार के आव्हान पर पूरे प्रदेश में रविवार 03 मार्च को पुलिस और जनता के बीच जन सम्बाद कार्यक्रम आयोजित किया।इसी तारतम्भ में दबोह नगर के लक्ष्मी नारायण गार्डन में दबोह पुलिस और जनता के बीच जन सम्बाद कार्यक्रम का आयोजन किया।जिसमें दबोह थाना प्रभारी रविंद तोमर के साथ सभी दलों के राजनीतिक दल के सदस्य,पत्रकार,व्यापारी,किसान, सरपँच,उप सरपंच,समाजसेवी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी तोमर ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा में हरदम तैयार रहती हैं।आप का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।आपकी जो भी समस्या हो आप निश्चित रूप से पुलिस को बताए उनका निराकरण किया जाएगा।जो पुलिस से सम्बंधित है वह हम अपने स्तर पर करेंगे और जो अन्य विभागों की वह उस विभाग के अधिकारियों से बात करके समाधान किया जाएगा।



**कानून तोड़ने वालो को बख्शा नही जाएगा**–जनसंवाद कार्यक्रम में थाना प्रभारी रविंद्र तोमर ने कहा कि जो लोग कानून को तोड़ने की कोशिश करेंगे उन्हें बख्शा नही जाएगा चाहे वह कितना भी पावरफुल क्यो न हो।उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि जनता हमारी आँख और कान है आपके बिना हम अपराधों पर अंकुश नही लगा सकते हैं।आप लोग हमे खुलकर अपराधों या अपराधियो के बारे में बताए कार्यबाही हम करेंगे।

**सट्टा,जुआ और नशे को लेकर थाना प्रभारी दिखे सख्त,बोले पकड़े गए तो खैर नही**–जनसम्वाद के दौरान थाना प्रभारी रविंद्र तोमर को ज्यादातर शिकायतें क्षेत्र व नगर में चल रहे जुआ,सट्टा व बिक रही अवैध शराब की मिली।जिस दौरान थाना प्रभारी ने नगर व क्षेत्र में चल रहे सट्टा,जुआ व शराब बेचने वालो को सख्त हिदायत देते हुए कहा की जो लोग सट्टा खिला रहे हैं,जुए खेल रहे हैं,अवैध अंग्रेजी,देशी व कच्ची शराब बेच रहे हैं।

**सांसद चौधरी आज चेन्नई प्रवास से लौटेंगे**

# जोधपुर एयरपोर्ट एवं पाली क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं द्वारा होगा भव्य सौगात, सांसद मंदिरों के दर्शन कर टेकेंगे मत्था

**पुष्पाजंली टुडे**

पाली/जोधपुर भाजपा केन्द्रीय चुनाव समिति द्वारा घोषित लोकसभा प्रत्याशियों की प्रथम लिस्ट में शामिल पाली लोकसभा प्रत्याशी एवं सासंद और पूर्व केन्द्रीय राज्य पीपी चौधरी अपने दो दिवसीय चेन्नई प्रवास से सोमवार को लौटेंगे। आज दोपहर 01:30 बजे हवाई



मार्ग से जोधपुर लौटेंगे। पाली जिलाध्यक्ष मंशाराम परमार और जोधपुर जिला देहता जिलाध्यक्ष जगराम विश्नोई ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं आमजन के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान एक अभिनंदन रैली भी निकाली जाएगी। इसके बाद सांसद चौधरी शिकारपुरा आश्रम पहुचेंगे, जहां पटेल समाज द्वारा उनका अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद ओम बन्ना मंदिर, पाली के गणेश मंदिर, सोमनाथ मंदिर में मत्था टेकेंगे। वहीं रोहट, हाउसिंग बोर्ड, बस स्टेण्ड, मिल गेट, अंबेडकर सर्कल और सूरजपोल पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा।

# अतिथि शिक्षक संघ की बैठक हुई आयोजित, आगामी कार्य योजना को लेकर बनाई रणनीति

**सिरोंज**
**अभिषेक कुशवाह**



अतिथि शिक्षक संघ के द्वारा रविवार को बतिया बावड़ी पर दोपहर के समय एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संघ के सदस्यों के द्वारा आगामी कार्य योजना को लेकर रणनीति बनाई वही ब्लॉक के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा के द्वारा कहा गया कि हम अतिथि शिक्षको बीते कई माहो से वेतन नहीं मिला है इस कारण से हमें परिवार चलाने में भी परेशानी हो रही है, साथ ही बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा विधानसभा चुनाव के पूर्व अतिथि शिक्षकों से कुछ वादे किए गए थे जिन्हें अभी तक पूरा नहीं किया गया है वही हमारे को साथी नवीन नियुक्तियां स्थानांतरण एवं प्रमोशन के कारण बाहर हो गए हैं उनके समायोजन को लेकर भी विभागीय सक्रियता दिखाई नहीं देती, इस दौरान हटे सिंह राजपूत, सचिन सुमन, रामकुमार नामदेव सहित अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

**मंगलवार को भोपाल में एकजुट होंगे अतिथि शिक्षक**–वहीं बैठक में मंगलवार को भोपाल में ध्यान आकर्षण हेतु अतिथि शिक्षक एकत्रित होंगे इसको लेकर भी मंथन किया गया साथ ही साथ ही अधिक से अधिक अतिथि शिक्षक इस ध्यान आकर्षण में पहुंचे इसको लेकर भी कार्य योजना बनाई गई।

# जनता के बिना सहयोग अपराध पर अंकुश असम्भव गौतम



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद**। जनता के बीच खोये हुए विश्वास को पुनः अर्जित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस जन संवाद करने के लिए आदेशित किया है। जिसके चलते जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीओपी सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में गोहद थाना प्रभारी अभिषेक गौतम द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम जनपद पंचायत गोहद के सभागार में आयोजित किया गया जिसमें जनप्रतिनिधि ,व्यापारी, अधिवक्ता, पत्रकार एवं आमजन उपस्थित हुए जनसंवाद कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों के व्यवहार में परिवर्तन, अवैध शराब एवं नशीले पदार्थ का खुलेआम विक्रय ,नगर में स्थान स्थान पर जाम की स्थिति कोचिंग एवं बिद्यालय के पास असमाजिक तत्वों का जमावड़ा, आदि समस्या सामने आई गोहद जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में गोहद नगर के रहवासी सेवानिवृत्त क्रीड़ा अधिकारी बीडी माहौर ने कहा कि पूर्व में पुलिस सूचना की गोपनीयता को भंग कर अपराधी को ही सूचनाकर्ता का नाम बता देते थे। अध्यक्ष निजी शिक्षण संस्था धीरज शर्मा ने कहा कि थाना की दहलीज चड़ने में आम आदमी को डर लगता है वहीं बदमाशों को थाने में आदर के साथ बिठाया जाता है यहाँ एडवोकेट सुनील कांकर ने कहा कि पुलिस आवेदन के नाम पर पीड़ित को परेशान करती है वही सेकड़ो आवेदन थाने में धूल चाट रहे है राहुल खुरासिया ने कहा कि ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाया जाए यहाँ थाना प्रभारी अभिषेक गौतम ने कहा कि थाना गोहद में 35 लोगो का स्टाफ है थाना क्षेत्र को 5 बीट में बांटा गया है उपलब्ध संसाधनों व स्टाफ के सहयोग से हम बेहतर कानून व्यवस्था देने का प्रयास कर रहे है बिना जनता के सहयोग के अपराध पर अंकुश सम्भव नहीं है। गोहद पुलिस द्वारा फरियादी की बात को पूरी शालीनता के साथ सुना जाता है। थाना परिसर में कोई भी फरियादी निडर होकर आ सकता है।उसके साथ नियमानुसार कार्रवाई की जावेगी। वहीं जनता से अपील करते हुए कहा।कि दो पहिया वाहनों को हेलमेट लगाकर चलाएं, यातायात व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करें शादी विवाह में हर्ष फायर ना करें यदि रास्ते में कोई घायल मिलता है तो उसे पहले अस्पताल पहुंचाएं आप सभी की मदद से ही हर कार्य संभव है आभार उपनिरीक्षक ध्यानेन्द्र यादव ने व्यक्त किया कार्यक्रम में ब्रजमोहन शर्मा, ब्रजभूषण मिश्रा, भीकम कौशल जगदीश माहौर ,आतमदास भटनागर, लाखन गुर्जर ,ब्रजेन्द्र यादव, जितेंद्र प्रजापति,सुनील कंकर ,अकरम खान हसमत अली,अमीर मोहम्मद, विजय खुरासिया सन्तोष वन्सल ,प्रमोद अग्रवाल, नीलेश अग्रवाल, ब्रजभूषण गोस्वामी, गिरीश शर्मा दिनेश शुक्ला, अनिल शर्मा आदि उपस्थित थे।

# व्हाट ए किस्मत पर जारी किये गए दो पोस्टकार्ड,सीहोर के लिसा टॉकीज में 22 मार्च को होगा प्रीमियर शो

**रघुवर दयाल गोहिया**

मुम्बई/भोपाल। फिलेटलिक सोसाइटी ऑफ़ इंडिया पीएसआई के 128वें स्थापना दिवस पर इंडो अमेरिकन सोसायटी हाल मुंबई में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आगामी 22 मार्च 2024 को रिलीज होने जा रही फिल्म ÷व्हाट ए किस्मत÷ पर आधारित दो प्राइवेट पिक्चर पोस्टकार्ड मुंबई में जारी किए गए।ज्ञात रहे की मध्य प्रदेश के सीहोर में पहली बार संपूर्ण रूप से बनाई गई इस फिल्म के निर्माता वरिष्ठ समाजसेवी अखलेश राय, लीसा राय एवं अंशय राय हैं। फिल्म के लेखक एवं निर्देशक मोहन आजाद हैं।व्हाट ए किस्मत पर आधारित दो पिक्चर पोस्टकार्ड जारी करते हुए पीएसआई के वरिष्ठ सदस्य श्री सुरेंद्र कोटडिया एवं श्री हाजी आबेद अली ने बहुत प्रसन्नता जताई कि पुराने जमाने को हमने पिक्चर पोस्टकार्ड के जरिए फिर से जीवित करने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि पुराने समय में बड़े-बड़े हीरो हीरोइन अपनी नई फिल्म आने पर अपने फोटो के साथ पिक्चर पोस्टकार्ड प्रशंसकों को भेज कर उनसे आग्रह किया करते थे कि उनकी फिल्म देखने के लिए थिएटर में जरूर जाएं। कार्यक्रम में पीएसआई के लगभग 25 सदस्य एवं



फिल्म के मुख्य कलाकार युद्धवीर दहिया तथा मानसी सहगल उपस्थित थीं। दोनों कलाकारों ने विस्तार से फिल्म में अपने रोल के बारे में बताया। फिल्म प्रोडक्शन टीम की ओर से शैलेंद्र कुमार गोहिया उपस्थित थे। उन्होंने फिल्म के बारे में सदस्यों को बताया तथा दोनों कलाकारों का परिचय भी सभी उपस्थितों कराया। फिल्म ÷व्हाट ए किस्मत÷ के प्रमोशन के लिए इस अनोखी पहल को सभी सदस्यों ने बहुत पसंद किया एवं फिल्म के पिक्चर पोस्टकार्ड पर अधिकांश सदस्यों ने युद्धवीर दहिया तथा मानसी सहगल के ऑटोग्राफ लिए। दोनों कलाकारों ने पीएसआई सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सबसे अनुरोध किया कि आगामी 22 मार्च को रिलीज हो रही फिल्म व्हाट ए किस्मत थिएटर में जाकर जरूर देखें। क्योंकि सब ने इस फिल्म में बहुत दिल लगाकर मेहनत से अच्छा काम करने की कोशिश की है।अंत में शैलेंद्र कुमार गोहिया ने फिल्म आधारित पिक्चर पोस्टकार्ड जारी करने में सहयोग करने के लिए पीएसआई के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। सदस्यों ने भी पीएसआई की बैठक में नया दौर शुरू करने हेतु फिल्म टीम का आभार व्यक्त किया। फ़िल्म व्हाट ए किस्मत का प्रीमियर शो आगामी 22 मार्च को सीहोर के लिसा टॉकीज में होने जा रहा है। इस मौके पर फ़िल्म से जुड़े सभी प्रमुख कलाकार भी उपस्थित रहेंगे।

# पुलिस द्वारा मौ नगर में रखा गया जन संवाद कार्यक्रम



**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़**

आज मौ नगर में जनता एवं पुलिस के बीच जनसंवाद कार्यक्रम रखा गया इसमें मौ नगर की सुरक्षा के ऊपर चर्चा हुई जिसमें नवनियुक्त मौ थाना प्रभारी डॉ संतोष सिंह यादव ने बताया की पुलिस से डरने की जरूरत नहीं है पुलिस का साथ सहयोग दे जिससे मौ नगर में बढ़ते हुए क्राइम पर रोक लगाई जा सके आप सबको हमारा सहयोग करना है साथ देना है जिससे हमें बड़े से बड़े क्राइम में सफलता मिले एवं मौ नगर परिषद द्वारा कई चौराहे पर सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की बात कही इस कार्यक्रम में तहसीलदार माला शर्मा जी, मौ थाना प्रभारी संतोष यादव जी ,नगर परिषद अध्यक्ष सज्जन यादव जी, डॉ दिनेश जैन जी, सरनाम सिंह गुर्जर जी, डॉ रणवीर यादव जी, राजीव कौशिक जी, उदयवीर यादव जी, जैनेंद्र सर एवं मौ नगर के सभी प्रबुद्ध जन और सभी व्यापारीगढ़ उपस्थित रहे




# आज रविवार को थाना जैतवारा में आयोजित हुआ पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम





**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**



मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया की मंशा एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी आदेश अनुसार रविवार समय दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक जैतवारा थाना में जनसंवाद÷ कार्यक्रम अंतर्गत बैठक आयोजित किया गया है, जनसंवाद में थाना प्रभारी के द्वारा थाना क्षेत्र की समस्या सुनी गई एवं साइबर क्राइम रोकने के लिए थाना प्रभारी ने सभी को समझाइए बैठक के बाद थाना प्रभारी दलबल के साथ बाजार भ्रमण कर स्कूल रेलवे स्टेशन सार्वजनिक स्थल पर साइबर क्राइम से बचने के स्टिकर लगाकर के आम पब्लिक को जागरूक किया गया में थाना क्षेत्र के सभी आमजन, गणमान्य जनप्रतिनधिगण, सभी व्यवसाइयों, अधिवकक्तागण, डॉक्टर्स, शिक्षा विदो, रॉयल मैरिज गार्डन (सब्जी मंडी) में रहेथाना प्रभारी जैतवारा श्वेता मौर्य अध्यक्ष नगर परिषद जैतवारा रेनू दोहर पार्षद इंद्रपाल सिंह उर्फ लल्लन दादा मंडल अध्यक्ष जैतवारा संतोष गौतम सरपंच दादी टोला आशीष सिंह सरपंच नदना अजय द्विवेदीपत्रकार राजेश तिवारी विश्व हिंदू परिषद से पीटू पुलिस बल व्यवसाय एवं गणमन नागरिक उपस्थित रहे

# थाना ऊमरी पुलिस ने किया जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पुलिस विभाग की समीक्षा बैठकों में गणमान्य नागरिकों से समय - समय पर संवाद करने हेतु निर्देशन किया गया था।इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक डॉ.असित यादव के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के मार्गदर्शन में पुलिस एवं जनता के बीच जनसंवाद का आयोजन किया गया।

एसडीओपी हेड क्वार्टर संजय कोच्छा एवं थाना प्रभारी ऊमरी निरीक्षक रविंद्र शर्मा द्वारा ऊमरी क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों से जनसंवाद किया गया।बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस ने सुझाव मांगे जिसपर लोगो ने बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था,पुलिस गस्त,बाजार व्यवस्था,नाईट गश्त,को लेकर सुझाव दिए ।पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि एफआईआर में झूठे नाम न लिखावे (खास कर पढ़ने वाले बच्चों के ) कोई भी संदिग्ध परिस्थितियां अपराध घटित होते देखते हैं,तो तुरंत पुलिस को डायल हंड्रेड या थाने के नंबरों पर सूचित करे,वाहनों से स्टैंड करते हुए रील बाजी न करे,हर्ष फायर न करे,ग्राम रक्षा समिति से भी जुड़ने की पुलिस ने अपील की ।थाना ऊमरी के जनसंवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के शासकीय अधिकारी, कर्मचारी,सरपंच, सचिव, व्यापारीगण,विद्यार्थी तथा पत्रकारबंधु सम्मिलित हुए।

# थाना उमरी पुलिस ने किया जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

ऊमरी। माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा पुलिस विभाग की समीक्षा बैठकों में गणमान्य नागरिकों से समय-समय पर संवाद करने हेतु किया गया था, निर्देशित ।इसी कड़ी में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दतिया ड्रॉ असित यादव जी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय संजीव पाठक जी में मार्गदर्शन में हुआ आयोजन एसडीओपी हेड क्वार्टर श्री संजय कोच्छा और थाना प्रभारी उमरी निरी रविंद्र शर्मा द्वारा किया गया उमरी क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों से संवादथाना उमरी पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन आयोजन में क्षेत्र के शासकीय अधिकारी,कर्मचारी, सरपंच, सचिव,व्यापारी बंधु तथा पत्रकार बंधु हुए सम्मिलितबेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस ने मांगे सुझावलोगो ने बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था, पुलिस गस्त, बाजार व्यवस्था, नाईट गश्त, को लेकर दिए सुझाव पुलिस ने की अपील द्धद्बह्- में झूठे नाम न लिखावे (खास कर पढ़ने वाले बच्चों के ), कोई भी संदिग्ध परिस्थितिय या अपराध घटित होते देखते हैं तो पुलिस को डायल हंड्रेड या थाने के नंबरों पर सूचित करे, वाहनों से स्टैंड करते हुए रील बाजी न करे,हर्ष फायर न करे, ग्राम रक्षा समिति से भी जुड़ने की पुलिस ने अपील की ।

# जिले के चोरहटा थाना पुलिस द्वारा पुलिस जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन मंगलम मंडपम गार्डेन में किया गया आयोजित





**शिवम तिवारी (ब्यूरो रीवा)**
**रीवा(पुष्पांजली टुडे)**

।मोहन सरकार की ज़ीरो टैलरेंस को प्रभावी बनाने के लिए हर जगह कड़े कदम उठाए जा रहे हैं जिसके कारण अपराधियों को खुद सरेंडर करना पड़ रहा है और अपराध काफ़ी हद तक रोकने में कामयाब साबित हो रहा हैं। जिसकी कड़ी में थाना चोरहटा पुलिस द्वारा क्षेत्र के लोगों के साथ मंगलम मंडपम गार्डेन में जनसंवाद किया गया जिसमें क्षेत्र वासियों को जागरूक करने का कार्य किया गया। जिसमे क्षेत्र के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक,, जन प्रतिनिधि,, प्रबुद्ध नागरिक,,अधिवक्ता गण चिकित्सक एवम सम्मानिय नागरिक जन उपस्थित हुए जहां थाना प्रभारी द्वारा पुलिस की कार्यप्रणाली को बताते हुए समाज में घटित महिला अपराध,,साइबर अपराध के विषय जागरूकता रखने समझाइश दी गई साथ ही माता पिता से बच्चियों को जागरूक करने और नई उम्र के किशोरो को मोबाइल और टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग से बचने समझाइश दी गई जन संवाद में सम्मिलित नागरिक गणों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याएं बताई जिसके अनुसार कुछ चिन्हित स्थानों पर पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने और असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही करने थाना प्रभारी द्वारा आश्वासन दिया गया थाना प्रभारी द्वारा क्षेत्र में बेहतर पुलिस व्यवस्था बनाने और आम नागरिक तक कानून की सहूलियत पहुंचाने एवम सूचना देने वालो के नाम गोपनीय रखे जाने एवम जनता के सहयोग की अपील की, जनसंवाद कार्यक्रम में एडिशनल एसपी अनिल सोनकर भी उपस्थित हुए।लोगों ने पुलिस प्रशासन द्वारा प्रदेश भर में किये जा रहे जनसंवाद की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का जनसंवाद महीने में होता रहे तो क्षेत्र की जनता भी जागरूक होती रहेगी मीटिंग करके मैत्री सम्बन्ध स्थापित कर हम लोग को अवगत कराये।थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में क्राइम को रोकने का पूरा प्रयास किया जाएगा ।सभी लोग आगामी त्योहार मिलजुल कर मनाएं कही कोई अराजक तत्व मिले तो हमे बताएं।हम और हमारी टीम 24 घण्टे आप लोगों के लिए मदद के लिए तत्पर हैं। और चोरहटा थाना क्षेत्र के नगर वासी और ग्रामवासी इकट्ठा होकर इस मीटिंग को बहुत ध्यानपूर्वक सुने और इस मीटिंग में बताए हुए दिशा निर्देशों को अमल में लाने का प्रयास करने का आश्वासन भी दिए । थाना प्रभारी ने सभी लोगों को अपना पर्सनल मोबाइल नंबर भी साझा किया ताकि लोगों से कनेक्टिविटी सुचारू रूप से बनी रहे।

# बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने तीसरी बार जनार्दन मिश्रा पर जताया भरोसा पहले ही सूची में रीवा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी किया घोषित

**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**
**रीवा(पुष्पांजली टुडे)**

।लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की है। इसमें मध्य प्रदेश गुजरात छत्तीसगढ़ समेत 195 सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम तय किए गए हैं। मध्य प्रदेश की 24 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम का ऐलान हुआ है रीवा लोकसभा सीट से भाजपा ने एक बार फिर वर्तमान सांसद जनार्दन मिश्रा पर भरोसा जताया है। जो कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद हैं।



2014 में वे पहली बार रीवा लोकसभा से सांसद निर्वाचित हुए। इसके बाद से लगातार सांसद हैं।रीवा सांसद ने अपने नाम का ऐलान होने के बाद कहा कि मेरी पार्टी में समान आचरण करने वाले एक कार्य करता को देखा जाता है। और परखा जाता है साथ ही उसे पर विश्वास भी किया जाता है पार्टी ने मुझ पर तीसरी बार भरोसा जताया है इसलिए पार्टी का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि रीवा में अभी अधोसंरचना के मामले में काम होना बाकी है। सड़कों के मामले में हम ठीक हुए हैं लेकिन रेल और हवाई मार्ग के मामले में अभी पिछड़े हुए हैं।रीवा से हनुमान होते हुए मिर्जापुर तक जाने वाली रेलवे की नई परियोजना के संबंध में योजना तैयार की गई थी। जिसके लिए सर्वे भी किया गया था पर कोरोना के चलते यह परियोजना ठंडा बस्ते में चली गई। जिस पर अब काम करने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में अभी नल जल योजना का काम गति नहीं पकड़ पाया है इसलिए इस काम को भी जल्द से जल्द पूरा करने का लक्ष्य है।

# मदिरा दुकानों की ई टेंडर से आज होगी नीलामी

**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**
**रीवा(पुष्पांजली टुडे)**

।रीवा तथा मऊगंज जिले की आठ समूहों की 77 मदिरा दुकानों के लाइसेंस जारी करने की कार्यवाही ई टेंडर से चार मार्च को दोपहर 2.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। इसमें एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 की अवधि के लिए मदिरा दुकानों की नीलामी होगी। नीलामी की कार्यवाही कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा की जाएगी। इस संबंध में सहायक आयुक्त आबकारी अनिल जैन ने बताया कि प्रत्येक मदिरा दुकान समूह के लिए ई टेंडर के फार्म का मूल्य 30 हजार रुपए निर्धारित किया गया है। सभी ई टेंडर चार मार्च को दोपहर 2.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में खोले जाएंगे। ई टेंडर के संबंध में पूरा विवरण आबकारी विभाग की वेबसाइट एक्साइज डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन से डाउनलोड किया जा सकता है। ई टेंडर फार्म के साथ जमा की जाने वाली धरोहर राशि, मदिरा समूह का आरक्षित मूल्य तथा अन्य विवरण एवं ई टेंडर के लिए आवश्यक अभिलेखों की जानकारी कार्यालयीन समय में सहायक आयुक्त आबकारी कार्यालय रीवा से प्राप्त की जा सकती है। शासन के राजपत्र क्रमांक 27 दिनांक 8 फरवरी 2024 के प्रावधानों के अनुसार जो राष्ट्रीयकृत बैंक, ई गवर्नेंस सर्विस लिमिटेड में पंजीकृत हैं उनकी ही नवीन बैंक गारंटी ई टेंडर के साथ मान्य की जाएगी। शेष बैंकों की बैंक गारंटी बैंक के अधिकृत ईमेल डोमेन से प्राप्त होने पर ही मान्य होगी।

# बारिश के साथ शहर में पड़े ओले गेहूं एवं चने की फसल पर पड़ेगा असर



**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**
**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

रविवार की शाम लगभग 5ः30 बजे के बाद शहर के आसमान में बादलों ने अपना डेरा जमाया और अचानक तेज बारिश शुरू हो गई हालांकि शहर के अलग-अलग इलाकों में ओले गिरने की जानकारी सामने आई है। कुछ इलाकों में शुरुआती बारिश के साथ ही ओले गिरे जबकि आधे शहर में लगभग 15 मिनट की तेज बारिश के बाद अचानक चने के आकार के ओले आसमान से गिरना शुरू हुए। और देखते ही देखते शहर की सड़के ओले से पट गई।हालांकि तेज बारिश के साथ ओले पानी के साथ बह गए इसके बाद भी झमाझम बारिश का दौर जारी रहा। जानकारों की माने तो ओले गिरने की घटना से गेहूं एवं चने की फसल के साथ-साथ आम की फसल को भी भारी नुकसान होगा।

### पुलिस अधीक्षक ने अभियोजन अधिकारियों की कार्यशाला का किया शुभारंभ

# पुलिस और अभियोजन अधिकारियों के समन्वय से मिलता है पीड़ित को न्याय

**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**
**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में रीवा तथा मऊगंज जिले के लोक अभियोजन अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पी?तों को न्याय दिलाने और अपराधियों को दण्डित करने के लिए पुलिस तथा लोक अभियोजन अधिकारियों को मिलकर कार्य करना है। सही तालमेल से ही अपराधों के संबंध में उचित साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए जा सकते हैं। हमारी तैयारी जितनी अच्छी होगी हमें उतनी ही सफलता मिलेगी। इसके लिए लोक अभियोजन अधिकारियों तथा पुलिस अधिकारियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है। सामाजिक परिस्थितियों में परिवर्तन के साथ कानूनों में लगातार परिवर्तन हो रहे हैं। हाल ही में तीन नए कानून बनाए गए हैं। प्रत्येक नए कानून की समुचित जानकारी होना आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सरकार ने हाल ही में साक्ष्य अधिनियम बनाया है जो बहुत प्रभावी सिद्ध होगा। हर अपराधिक घटना के पीछे कारण अवश्य होता है। पुलिस अधिकारियों को विवेचना के दौरान घटना के कारणों, परिस्थितियों तथा घटना स्थल पर मिले सबूतों को वैज्ञानिक तरीके से एकत्रित करने की जरूरत होती है। अभियोजन पक्ष इसे न्यायालय में जितनी कुशलता से प्रस्तुत करेगा उसी के अनुरूप हमें सफलता मिलेगी। पुलिस अधिकारियों को भी नए कानूनों के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ डॉ भूपेन्द्र द्विवेदी मेडिकल आफीसर मेडिको लीगल इंस्टीटयूट भोपाल ने फॉरेंसिक साइंस के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ द्विवेदी ने कहा कि फॉरेंसिक साइंस विज्ञान की वह शाखा है जिसका उपयोग अपराध को सिद्ध करने में होता है। इसकी मेडिको लीगल शाखा में अपराध के संबंध में डॉक्टरों द्वारा चिकित्सकीय प्रमाण दिए जाते हैं। इसकी एफएसएल शाखा में अपराध स्थल से प्राप्त वस्तुओं, रसायन, अन्य साक्ष्यों, मानवीय अंगों आदि के परीक्षण के बाद निष्कर्ष निकाले जाते हैं। इसके लिए पुलिस की क्राइम सीन यूनिट घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित करती है। इस यूनिट में फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ तथा कुशल फोटोग्राफर का होना आवश्यक है। फॉरेंसिक विशेषज्ञ जब किसी अपराधिक घटना का विश्लेषण करता है तो उसके मन में घटना क्यों हुई, कहाँ हुई, कैसे हुई तथा कब हुई इन प्रश्नों को ध्यान में रखना चाहिए। हमने अपने विश्लेषण में इन प्रश्नों के सही उत्तर सिलेसिलेवार लिख दिए तो घटना का लगभग सही स्वरूप बता सकते हैं। डॉ द्विवेदी ने फॉरेंसिक साइंस तथा मेडिको लीगल की विभिन्न अवधारणाओं एवं तकनीकों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री रवीन्द्र सिंह ने महिलाओं से संबंधित कानूनी प्रावधानों, पॉक्सो एक्ट की धारा 29 तथा 30 के संबंध में जानकारी दी। श्री सिंह ने एससी-एसटी अधिनियम के तहत दर्ज प्रकरणों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में जिला अभियोजन अधिकारी कटनी श्री हनुमंत किशोर शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के संदर्भ में नवीन संहिताओं पर चर्चा की। वरिष्ठ एडीपीओ श्री सूर्य प्रसाद पाण्डेय ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रावधान तथा इनसे प्रकरणों में प?ने वाले प्रभावों की जानकारी दी। कार्यशाला में श्री शिवप्रसाद पाण्डेय, श्री संतोष शुक्ला तथा सभी लोक अभियोजन अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन सुश्री अंजू सिंह ने किया।




# मुख्यमंत्री कन्यादान का योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह में 293 जोड़ों ने रचाई शादी

### अग्नि को साक्षी मान कर वर वधु ने लिए 7 फेरे, जिंदगीभर साथ रहने का लिया गया वचन

**मऊगंज(पुष्पांजली टुडे)**

।जिला के अंतर्गत जनपद पंचायत हनुमना के मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान निकाय योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह में 293 जोड़ों ने शादी रचाई इसी के साथ ही कई मुस्लिम जोड़ों का निकाय भी कराया गया उल्लेखनीय है कि इस योजना की शुरुआत मध्यप्रदेश सरकार द्वारा राज्य में गरीबी रेखा से नीचे आने वाले परिवारों बेसहारा परिवारों की बेटियों की शादी के तथा जरूरतमंद को आर्थिक रूप से मदद करने के लिए किया गया है।जिले के मऊगंज जनपद पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र के 293 जोड़े सामूहिक विवाह आयोजन में दांपत्य जीवन में बंधे। संबंधित जिम्मेदारों एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा कर नव युगलों को शुभ आशीर्वाद दिया। निर्धारित कार्य योजना अनुसार सामूहिक विवाह का कार्यक्रम जनपद पंचायत प्रांगण में आयोजित किया गया। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नव युगल जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए एवं एक साथ जीवन जीने की कसमें खाई। विवाह/ निकाह उपरांत शासन की योजना अनुसार नवयुग जोड़ों को जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में उपहार प्रदान किया गया।मऊगंज जिला क्षेत्र अंतर्गत हनुमना में 03 मार्च को आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह निकाह योजना में शासन व प्रशासन स्वयं सम्पूर्ण व्यवस्थाएं कर विवाह एवं निकाह का आयोजन करता है। गरीबों के लिए यह योजना अभिनव योजना है जिसमें शासन द्वारा विवाह की सम्पूर्ण ली जाती है। इस योजना के तहत वैवाहिक बंधन में बंधने वाले नव युगल जोड़ों को 49-49 हजार की धनराशि का प्रदान किया जाता है।जिससे नवदम्पत्ति अपने नवजीवन को शुरू करने के लिए गृहस्थी की आवश्यक सामग्री खरीद सकें। विवाह कार्यक्रम में प्रशासन के द्वारा सुचार रूप से व्यवस्था की गई थी वहीं पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा सुरक्षा को लेकर नगर परिषद के जोड़ भी शादी कार्यक्रम में शामिल हुए।इस दौरान कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष गोविंद नारायण तिवारी,भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मिश्र, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुनीता उमा केस पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता,नगर परिषद उपाध्यक्ष, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास सभापति अनीता सुमन, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा पटेल मंडल अध्यक्ष हनुमना सुनील कुमार शुक्ला मंडल अध्यक्ष खटखरी,मुंद्रका प्रसाद पटेल, जनपद पंचायत सदस्य धर्मेंद्र गुड्डू सिंह, कल्पना सिंह, एसडीएम राजेश मेहता, तहसीलदार कुमारेलाल पानिका, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ अजय सिंह, नगर परिषद सीएमओ अरुण कुमार त्यागी इंजीनियर अनिल मिश्रा सामाजिक अच्छा विस्तार अधिकारी अजय कुमार पटेल, बसंत पटेल मनरेगा, महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी सविता परस्ते सहित नगर पंचायत के पार्षद, ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनपद सदस्य, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, जनपद पंचायत, नगर परिषद एवं अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं नवदम्पतियों के परिजन मौजूद

# राजस्व महाअभियान में 20 हजार से अधिक प्रकरणों का हुआ निराकरण

**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ रीवा)**
**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**

शासन के निर्देशों के अनुसार रीवा जिले में 16 जनवरी से 29 फरवरी तक राजस्व प्रकरणों को दर्ज करने तथा निराकृत करने का अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 20 हजार से अधिक राजस्व प्रकरण निराकृत किए गए। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि राजस्व महाअभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत में बी-1 का वाचन कराया गया। अभियान के दौरान सभी एसडीएम ने प्रकरणों की सुनवाई करके दो हजार 308 प्रकरणों का निराकरण किया। इनमें एक साल से अधिक समय से लंबित 495 प्रकरण शामिल हैं। अभियान के दौरान तहसीलदारों ने नामांतरण के 11 हजार 750 प्रकरण निराकृत किए। इस अवधि में नामांतरण के आठ हजार 820 प्रकरण दर्ज भी किए गए। तहसील न्यायालयों में सीमांकन के तीन हजार 568 निराकृत किए गए। इसमें तीन माह से एक वर्ष तक की अवधि के 386 प्रकरण शामिल हैं। तहसीलों में अभियान के दौरान बंटवारे के तीन हजार 194 प्रकरण निराकृत किए गए। इनमें तीन माह से एक वर्ष तक की अवधि के लंबित 251 प्रकरण शामिल हैं। सभी निराकृत प्रकरणों को आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज किया जा रहा है।

## सिरसागंज में वृहद स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ, 50 बैड का आयुर्वेदिक अस्पताल व 25 करोड़की लागत से आर्य सांस्कृतिक संकुल सहित अनेक परियोजनाओं की दी सौगात।

फिरोजाबाद । सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिरसागंज में उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर वृहद स्वास्थ्य मेले का शुभारम्भ और स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा जनता को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।उन्होने स्वास्थ्य विभाग की स्टॉलों पर पहुंचकर चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि, वह क्षेत्र में भ्रमण कर सरकार द्वारा लोगों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करें और उन योजनाओं से लोगों को लाभान्वित करें।कार्यक्रम के दौरान मंत्री जी ने अपने सम्बोधन में स्वास्थ्य विभाग की उपलब्धियों के लिए सीएमओ डा0 राम बदन राम व प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 कपिल यादव सहित उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि, सिरसागंज व जनपदवासियों के लिए 24.24 करो? की लागत से निर्मित आर्य सांस्कृतिक संकुल स्वीकृत किया है, जिसमें ऑडिटोरियम, म्युजियम व बहुउददेशीय हॉल आदि बनाए जाएगें, जिसका शिलान्यास आज उनके द्वारा आर्य गुरूकुल महाविद्यालय करहल रोड सिरसागंज में किया जा रहा है।

# थाना प्रभारी ने क्षेत्र की जनता के साथ किया जनसंवाद कहा क्राइम रोकना मेरी पहली प्राथमिकता--शैल यादव

### पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष गुढ़ तहसीलदार, नायब तहसीलदार जे ई, नगर परिषद सी एम ओ रहे उपस्थित

**गुढ़(पुष्पांजली टुडे)।**

मोहन सरकार की ज़ीरो टैलरेंस को प्रभावी बनाने के लिए हर जगह कड़े कदम उठाए जा रहे हैं जिसके कारण अपराधियों को खुद सरेंडर करना पड़ रहा है और अपराध काफ़ी हद तक रोकने में कामयाब साबित हो रहा हैं। जिसकी कड़ी में थाना परिसर गु? में तहसीलदार विनय मूर्ति शर्मा थाना प्रभारी शैल यादव के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों के साथ थाना परिसर में जनसंवाद किया गया जिसमें क्षेत्र वासियों को जागरूक करने का कार्य किया गया।जनप्रतिनिधि व्यवसायी डॉक्टर सहित सम्मानित लोग उपस्थित रहे। तहसीलदार एवम थाना प्रभारी ने सभी दुकान दारों से अपील किया कि अपने दुकान के सामने कैमरे लगवाए जिससे क्राइम को रोका जा सके।दुकान के सामने कैमरा लगने से क्राइम करने वाले की फोटो कैमरे में दर्ज हो जाएगी जिससे उसे पकड़ने में आसानी होगी और आप सब भाईचारे का माहौल बनाएं और क्राइम होने के समय आप सब हमें तुरन्त सूचित करें जिससे क्षेत्र में क्राइम न हो सके।जो कोई भी मुझे फोन के द्वारा अवगत कराएगा तो हम तत्काल पहुंचकर क्राइम जहां होने की संभावना रहेगी उसे रोकने का पूरा प्रयास करेंगे जिसे क्षेत्र में सुख शांति का माहौल बने और बिजनेस करने वाले अपने बिजनेस को शांतिपूर्वक बाजारों में कर सकें।लोगों ने पुलिस प्रशासन द्वारा प्रदेश भर में किये जा रहे जनसंवाद की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का जनसंवाद महीने में होता रहे तो क्षेत्र की जनता भी जागरूक होती रहेगी मीटिंग करके मैत्री सम्बन्ध स्थापित कर हम लोग को अवगत कराये।थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में क्राइम को रोकने का पूरा प्रयास किया जाएगा ।सभी लोग आगामी त्योहार मिलजुल कर मनाएं कही कोई अराजक तत्व मिले तो हमे बताएं।हम और हमारी टीम 24 घण्टे आप लोगों के लिए मदद के लिए तत्पर हैं। और गु? थाना क्षेत्र के नगर वासी और ग्रामवासी इकट्ठा होकर इस मीटिंग को बहुत ध्यानपूर्वक सुने और इस मीटिंग में बताए हुए दिशा निर्देशों को अमल में लाने का प्रयास करने का आश्वासन भी दिए । थाना प्रभारी ने सभी लोगों को अपना पर्सनल मोबाइल नंबर भी साझा किया ताकि लोगों से कनेक्टिविटी सुचारू रूप से बनी रहे।इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष डॉक्टर अर्चना सिंह नायब तहसीलदार तेजपति सिंह रमाशंकर पाठक जे ई गुढ़ नगर परिषद सी एम ओ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व्यवसायी मीडिया बंधु सहित सैक?ों लोग उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से

# गलत तरीकों पर सवाल उठाना जरूरी

रोजगार सृजन पर मोदी सरकार की चुप्पी पर उठते सवालसवाल के जवाब में कुतर्क मंगलवार को राज्यसभा की 15 सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर अपना वर्चस्व कायम कर लिया। हालांकि यह वर्चस्व किस तरह भाजपा ने हासिल किया है, वह एक गंभीर सवाल बन चुका है। गौरतलब है कि 15 सीटों में से उत्तरप्रदेश की आठ, हिमाचल प्रदेश की एक और कर्नाटक की एक सीट भाजपा के खाते में गईं, जबकि कर्नाटक की बाकी तीन सीटें कांग्रेस और उप्र की बाकी दो सीटें सपा के पास गई हैं।

उत्तरप्रदेश और हिमाचल प्रदेश दोनों जगह भाजपा ने क्रास वोटिंग करवाई, यानी अपने विधायकों के अलावा दूसरे दलों के विधायकों को किसी न किसी तरह मजबूर किया कि वे उसके उम्मीदवार को वोट दें। यह मजबूरी धन यानी रिश्वत से उपजी है, या किसी और किस्म के दबाव के कारण बनी है, इसका खुलासा कभी नहीं हो सकेगा। क्योंकि भाजपा भी अब इस बात को जानती है कि लोग उसकी जीत की तारीफ करेंगे, पत्रकार इस बात को मास्टर स्ट्रोक बताएंगे कि कैसे हारी हुई बाजी को भाजपा ने अपने पक्ष में कर लिया और इस बात पर कोई सवाल नहीं करेगा कि राजनीति में बढ़ चुके इस गलत चलन को स्वीकार क्यों किया जा रहा है।

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है, उसके पास स्पष्ट बहुमत है, फिर भी भाजपा नौ गैरभाजपाई विधायकों से अपने पक्ष में वोट डलवाने में कामयाब हो गई। यह निश्चित ही कांग्रेस की कमजोरी है कि वह अपने विधायकों को एकजुट नहीं रख पाई। सुखविंदर सिंह सुक्खू तो मुख्यमंत्री होने के नाते इस गलती के लिए जिम्मेदार हैं ही, कांग्रेस के हिमाचल प्रदेश प्रभारी की भी इसमें गलती है। लेकिन कांग्रेस की खासियत शायद यही बन गई है कि वह अपनी गलतियों से कोई सबक नहीं लेती। दूध का जला छाछ भी फूं क-फूं क कर पीता है, ऐसे मुहावरों पर कांग्रेस का कोई यकीन ही नहीं है। उसे खतरों के खिलाड़ी बनने में शायद ज्यादा मजा आता है, फिर चाहे सत्ता की बाजी ही दांव पर क्यों न लग जाए। मध्यप्रदेश, कर्नाटक, बिहार जैसे राज्यों में कांग्रेस ने भाजपा के आपरेशन लोटस के कारण सत्ता गंवा दी, झारखंड में भी ऐसा होने का खतरा था, जो टल गया। कांग्रेस चाहती तो अपने अनुभवों से सबक ले सकती थी कि अगर भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में महज 25 विधायकों के होने के बावजूद कांग्रेस के राज्यसभा उम्मीदवार के सामने अपना उम्मीदवार खड़ा किया है, तो उसके इरादे नेक नहीं हो सकते। वह कोई न कोई कोशिश जरूर करेगी कि क्रास वोटिंग हो जाए। लेकिन कांग्रेस ने अनहोनी की अंदेशा होते हुए भी लापरवाही बरती। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कहते रह गए कि अगर कोई बिका नहीं होगा तो हमारे 40 में से 40 वोट आएंगे। जबकि किसी के बिकने का इंतजार किए बिना मुख्यमंत्री सुक्खू कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की तरह अपने एक-एक वोट पर नजर रखते तो आज इस हार और शर्मिंदगी से बच जाते।

राज्यसभा में कांग्रेस की एक पक्की सीट इतनी आसानी से भाजपा के हाथ में नहीं जाती। कांग्रेस आलाकमान और उसके तमाम वरिष्ठ नेता अब शायद भाजपा की चुनावी तैयारियों को गंभीरता से लेना शुरू करें। काश, उन्हें यह समझ आए कि इस दौर में भाजपा को केवल मुद्दों पर घेरकर और उसकी गलतियों की ओर ध्यान दिलाकर सत्ताच्युत नहीं किया जा सकता। भाजपा को सत्ता से तभी हटाया जा सकता है, जब उसकी रणनीतियों को विफल किया जाए।

भाजपा ने केवल हिमाचल प्रदेश ही नहीं, उत्तरप्रदेश में भी समाजवादी पार्टी के विधायकों को तोड़ कर जीत हासिल की है। अब राज्यसभा में भाजपा के 97 और एनडीए के 117 सांसद हो गए हैं और 240 सीटों की राज्यसभा में 121 के बहुमत के आंकड़ा अब भाजपा से खास दूर नहीं रह गया है। अगर तीसरी बार भी भाजपा को केंद्र की सत्ता हासिल हो जाती है, तो फिर राज्यों को किसी भी तरह जीतने का उसका खेल चलता रहेगा और इसी तरह नगरीय निकायों से लेकर राज्यसभा तक भी हर जगह केवल भाजपा का राज होगा। सियासत के मौजूदा चलन को देखकर यह कोरी कल्पना भी नहीं कही जा सकती। अभी चंद दिनों पहले चंडीगढ़ मेयर चुनाव में भाजपा ने धांधली कर जीत हासिल की थी। सुप्रीम कोर्ट के दखल के कारण और सारा वाकया सीसीटीवी में कैद हो जाने के कारण धोखे से मिली इस जीत को गलत करार दिया गया। लेकिन राज्यसभा चुनावों में फिर से धोखे का खेल ही खेला गया है, लेकिन विडंबना है कि इसे भाजपा के महान कारनामे की तरह पेश किया जा रहा है। कांग्रेस ने तो अपनी एक जीती हुई सीट इस चुनाव में गंवा दी है, लेकिन गौर से देखा जाए तो पूरा देश इसमें अपने लोकतंत्र और राजनीति में सैद्धांतिक मूल्यों को गंवा रहा है। कांग्रेस को उसकी कमजोरियों और लापरवाही के लिए दोष दिया जा सकता है। मगर क्या सवाल भाजपा से भी नहीं किए जाने चाहिए कि आखिर जीत के लिए गलत तरीकों को अपना कर वह कौन सी परिपाटी इस देश में कायम करना चाहती है। क्या झूठ, फरेब, छल, भ्रष्टाचार इन अवगुणों के सहारे भाजपा देश में शासन करना चाहती है।

अगर ऐसा है तो फिर वह इस बात की गारंटी कैसे देगी कि उसके शासन में भ्रष्टाचार के लिए शून्य सहनशक्ति रहेगी। क्या भाजपा का तथाकथित रामराज्य इन्हीं बुराइयों के साथ कायम होगा।

चंडीगढ़ से लेकर हिमाचल प्रदेश तक भाजपा ने जो सत्ता हथियाने का खेल रचा है, उसे अगर जनता की स्वीकृति मिल जाती है, तो फिर यह मान लेना चाहिए कि एक समाज के तौर पर हमारा नैतिक पतन हो चुका है। ऐसे समाज में अब अपराधी से नहीं, पीड़ित से सवाल-जवाब होने लगेंगे। और जरूरी नहीं कि पीड़ित हर बार कांग्रेस ही होगी, राजनीति के अलावा अन्य तबकों में भी यह रोग अपना असर दिखाएगा। इस रोग का इलाज करना है तो फिर गलत तरीकों पर सवाल उठाने शुरू करने होंगे।

# काठ की हांडियां भी चढ़ेंगी आग पर



@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस हो या भाजपा नए प्रत्याशियों के साथ ही अनेक ऐसे नेताओं को भी चुनाव मैदान में उतारने के लिए विवश हो सकती है जो पिछले दिनों कोई न कोई चुनाव हार चुके है। काठ की इन हांडियों को दोबारा आग पर चढाने की मजबूरी भी है और जरूरी भी। हालाँकि इसमें जोखिम भी कम नहीं है। भाजपा की काठ की हांडियों में केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधियाऔर प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्र का नाम भी शामिल है। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 29 में से 28 सीटें हासिल की थीं, और तब हासिल की थीं जब प्रदेश में कांग्रेस की सत्ता थी और कमलनाथ मुख्यमंत्री थे। इस बार 2024 में भाजपा का लक्ष्य सभी 29 सीटें जीतने का है। इस बार भाजपा 2019 में भाजपा के ही एक सामान्य कार्यकर्ता केपी सिंह के हाथों गुना से चुनाव हारे ज्योतिरादित्य सिंधिया को चुनाव जिताना चाहती है। हालाँकि ऐसा करना आवश्यक नहीं है क्योंकि सिंधिया वर्तमान में राजयसभा सदस्य हैं और अगले दो साल और सदन में रह सकते हैं। लेकिन प्रदेश भाजपा कार्यसमिति ने खुद सिंधिया के आग्रह पर उन्हें गुना सीट से प्रत्याशी बनाने का प्रस्ताव केंद्र को भेज दिया है।

लोकसभा चुनाव में भाजपा अपने अनेक मौजूदा सांसदों का पत्ता साफ करना चाहती है। सबसे ऊपर नाम भोपाल की संसद साध्वी प्रज्ञा का है। उनकी सीट से हाल ही में दतिया से विधानसभा चुनाव हारे प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा का नाम पैनल में शामिल किया गया है। पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी भोपाल से प्रत्याशी बनाये जाने के लिए राजी है, हालाँकि चौहान विदिशा सीट के पुराने अजेय संसद रह चुके हैं। चौहान के बारे में अंतिम फैसला मोदी और शाह को ही करना है। चौहान इस समय विधायक हैं लेकिन उन्हें मध्यप्रदेश की राजनीति से बेदखल किया जाना है इसलिए उनका लोकसभा में भेजा जाना पार्टी की मजबूरी बन गयी है।

प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीडी शर्मा भी अपनी वर्तमान सीट खजुराहो से चुनाव लड़ने से कतरा रहे हैं, क्योंकि ये सीट इंडिया गठबंधन ने समाजवादी पार्टी को दे दी है। यहां यदि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी मिलकर चुनाव लड़ते हैं तो शर्मा का जीतना आसान नहीं होगा। भोपाल से पुराने आजमाए हुए नेता आलोक शर्मा और सुमित पचौरी का नाम भी पैनल में जोड़ा गया है। इस लिहाज से भोपाल के पैनल में दो या तीन के बजाय पांच नाम है। जाहिर है कि भाजपा के पास प्रत्याशियों की कोई कमी नहीं है। अन्यथा किसी भी पैनल में दो या तीन नाम ही रखे जाते हैं।

भाजपा के लिए भोपाल के बाद सबसे महत्वपूर्ण सीट इंदौर है। यहां से वर्तमान सांसद शंकर लालवानी का मुखर विरोध देखते हुए हाल ही में विधानसभा का चुनाव जीतव मंत्री कैलाश विजयवर्गी और इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव का नाम भी दिल्ली भेजा गया है।

गौरतलब है कि कैलाश विजयवर्गीय प्रदेश की राजनीति में रहना नहीं चाहते। वे दिल्ली जाकर अपने बेटे के लिए प्रदेश की राजनीति में जगह वापस करना चाहते है। कैलाश विजयवर्गीय को उनके पूर्व विधायक बेटे आकाश की जगह विधानसभा का चुनाव लड़ाया गया था। महापौर के रूप में पुष्यमित्र भार्गव युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं इसलिए उनके नाम को भी आगे बढ़ाया गया है। वे लम्बी रेस के घोड़े साबित हो सकते है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की पुरानी सीट विदिशा से रमाकांत भार्गव के अलावा शिवराज सिंह का नाम भी सुझाया गया है। अर्थात शिवराज सिंह चौहान को भोपाल या विदिशा में से किसी एक से टिकिट मिलना तय है।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम उनकी पुरानी गुना सीट से भेजा गया है हालांकि वर्तमान संसद केपी सिंह का नाम भी दोहराया गया है। केपी को गुना से हटाने का कोई कारण नहीं है किन्तु सिंधिया की इच्छा का मान रखा गया तो केपी शहीद हो सकते है। अन्यथा भाजपा कार्यकर्ता सिंधिया के पक्ष में शायद नहीं है। सिंधिया का नाम ग्वालियर सीट से भी जोड़ा गया है। ग्वालियर के मौजूदा सांसद विवेक शेजवलकर बहुत ज्यादा लोकप्रिय सांसद नहीं रहे इसलिए उनका बदला जाना तय समझा जा रहा है।

उनके स्थान पर सिंधिया के अलावा विधानसभा चुनाव हारे डॉ नरोत्तम मिश्रा और विधानसभा चुनाव लड़ने से वंचित किये गए जयभान सिंह पवैया का नाम भी पैनल में जोड़ा गया है। पवैया भी एक जमाने में पूर्व केंद्रीय मंत्री माधव रॉ सिंधिया के खिलाफ चुनाव लड़ चुके है। वे ग्वालियर से सांसद भी रहे हैं।

ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की आरक्षित भिंड सीट से मौजूदा सांसद सुमन राय के स्थान पार यदि सिंधिया की चली तो पूर्व मंत्री इमरती देवी को भी टिकट मिल सकता है। वे सिंधिया की कटटर समर्थक हैं और हाल ही में विधानसभा का चुनाव दूसरी बार हारीं है। इस सीट से हाल ही में विधानससभा का चुनाव हारे पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य को भी टिकट देने की सिफारिश की गयी है।

पार्टी सूत्रों की मानें तो खंडवा से सुभाष कोठरी, ज्ञानेश्वर पाटिल, राजगढ़ से मोना सुस्तानी, बंटी बना, रोडमल नागर, अंशुल तिवारी, छिंदवाड़ा से नत्थन शाह कवरेती, डॉक्टर गगन कोल्हे, टीकमगढ़: वीरेन्द्र कुमार, भारती आर्य, गोपाल राय, देवास से महेंद्र सिंह सोलंकी, गोपाल परमार, विजय अटवाल, राजेंद्र वर्मा और उज्जैन से अनिल फिरोजिया, चिंतामणि मालवीय को टिकिट देने की सिफारिश की गयी है। बालाघाट से डॉ. ढालसिंह बिसेन, गौरीशंकर बिसेन, वैभव पवार, मंदसौर से सुधीर गुप्ता, पवन पाटीदार, नानालाल अटोलिया और रतलाम-झाबुआ: गुमान सिंह डामोर, दिलीप कुमार मकवाना, रीवा से जनार्दन मिश्रा, गौरव तिवारी, पुष्पराज सिंह, सतना से राकेश मिश्रा, शंकरलाल तिवारी का नाम सुझाया गया है। शेष सीटों के बारे में मंथन चल रहा है।

कांग्रेस के पास प्रत्याशियों की लम्बी फेहरिस्त नहीं है। कांग्रेस को प्रत्याशियों को तैयार करना पड़ रहा है, क्योंकि कांग्रेस के अनेक पुराने प्रत्याशी या तो विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं या मैदान छोड़ चुके है। उदाहरण के लिए मुरैना से पिछली बार चुनाव लडे रामनिवास रावत विधानसभा चुनाव जीत चुके है। इसलिए यहां नया प्रत्याशी तलाशना पड़ेगा। भिंड से एक बार फिर देवाशीष को ही दोबारा आजमाया जा सकता है। ग्वालियर से चुनाव लड़ने वाले अशोक सिंह को कांग्रेस हाल ही में राज्य सभा भेज चुकी है इसलिए उनके स्थान पर भी पार्टी को नया नाम तय करना होगा। गुना में कांग्रेस के पुराने प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा में शामिल होने से नए प्रत्याशी की जरूरत होगी। कमोवेश यही स्थिति दूसरी सीटों पर भी है। प्रत्याशियों के चयन को लेकर कांग्रेस की अपनी तैयारी है किन्तु भाजपा से इस मामले में कांग्रेस अभी पीछे दिखाई दे रही है। कांग्रेस के लिए प्रत्याशी तय करना भाजपा के मुकाबले कठिन नहीं है। भाजपा में एक अनार, सौ बीमार वाली स्थिति है। कांग्रेस में अनार ज्यादा हैं और बीमार कम, क्योंकि अभी भी कांग्रेस विधानसभा चुनाव की पराजय से उबरी नहीं है। हालाँकि राहुल गांधी पार्टी में जान फूंकने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं।

## कैसे-कैसे विज्ञापन

आँखों की रोशनी कम होने पर ऐनक लगाया जा सकता है, लेकिन बुद्धि मंद पड़ने पर ऐसे ऐनक शायद ही मिलते हों। यह बात मुझे तब समझ में आती है जब मैं टी.वी. पर विज्ञापन देखता हूँ। ये विज्ञापन भी यूपीएसएसी के सवाल हो चले हैं। विज्ञापन आन का होता है और मैं कान समझने लगता हूँ। विज्ञापन देखना और समझना भी एक कला है। यह सबके बस की बात नहीं है। विज्ञापनकर्ता सीधे-सीधे कोई चीज दिखाने-समझाने के लिए राजी ही नहीं है। जब देखो तब अनबुझ पहेली की तरह विज्ञापन चला देता है। विज्ञापन भी बड़े गजब-गजब के होते हैं। पहले कुछ सेकंड तक टूरिज्म का प्रचार प्रसार सा लगने वाला विज्ञापन आगे चंद सेकंडों में सूट-बूट पर आ जाता है। अंत में पता चलता है कि यह विज्ञापन न तो टूरिज्म का था और न ही सूट-बूट का, बल्कि यह तो किसी गुटखे का ताम-झाम था। विज्ञापन को समझने में सिर खुजलाते बैठ जाते हैं और उधर इस तरह के एक से बढ़कर एक विज्ञापन चलते रहते हैं।

कोल्ड ड्रिंक के विज्ञापनों का कहना ही क्या। इन्हें पीने का मतलब मौत को दावत देना है।

इसमें एक महाशय एक बोतल के लिए चिंपाजी की तरह बिल्डिंगें फांद रहे हैं। कहीं तार पर लटक रहे हैं। कहीं हाई जंप लगा रहे हैं। मात्र एक बोतल के लिए ओलंपिक्स के सारे गेम खेल डालता है। कभी-कभी तो लगता है कि ऐसे चिंपाजियों को ओलंपिक्स में मेडल की जगह कोल्ड ड्रिंक की एक बोतल दिखा दी जाए तो ऐसे ही 20-25 मेडल झटककर ले आएँ। बेफिजूल में इतना बड़ा कुनबा भेजने और पैसे की बबार्दी से बचा जा सकता है। वह तो भला हो कि ओलंपिक्स इंसानों के लिए होता है, ऐसे जानवर चले जाते तो ओलंपिक्स, ओलंपिक्स नहीं तमाशे का चिड़ियाघर बनकर रह जाता।

उधर एक और विज्ञापन है जो यह दावा करता है कि उसका कपड़ा पहनने से आप मिस्टर परफेक्ट बन जायेंगे। मुझे यह समझ में नहीं आता कि अब तक की हमारी शिक्षा व्यवस्थाएँ, योजनाएँ, हमारे संस्कार, आचार-विचार अरबों-खरबों का पैसा लुटाने पर भी एक अदद अच्छा इंसान बनाना तो दूर तमीज के गुर सिखाने में कामयाब नहीं हो पाएँ। दुर्भाग्य से मिस्टर परफेक्ट बनाने वाले कंपनी का मालिक खुद घर से दरबदर हो गया। वह दुनिया को परफेक्ट बनाने चला था और खुद इनपरफेक्ट बनकर रह गया। उसी तरह फुसफुसिया डियोड्रेटों का कहना ही क्या। पहले तो वे फुसफुसिया मिलते नहीं, जिसे छिड़कते ही मक्खियों की तरह कन्याएँ सारे काम-धंधे छोड़ एक मानुष की देह पर पिल पड़ती हैं। एक हम हैं हजारों ऐसे स्प्रे खुद पर छिड़कर देख लिए मजाल की कोई लड़की तो दूर कोई मक्खी आई हो। लगता है ये स्प्रे और साबुन वालों का छत्तीस का आंकड़ा है। एक नहाने पर जोर देता है तो दूसरा बिन नहाए दुनिया को अपनी ओर खींचने की बात करता है। जागो ग्राहक जागो वाले विज्ञापन बिन बुलाई शादी में अब्दुल्ला की तरह नाच-गाकर चले जाते हैं। इन सबके बीच हम आँख, मुँह, नाक, कान, पढ़ाई-लिखाई सब कुछ होते हुए सिर के बाल छिलाने पर तुले हुए हैं। कभी कभी तो लगता है कि इन विज्ञापनों को समझने के लिए किसी कॉलेज में प्रवेश लेकर फिर से पढ़ाई करनी होगी।

# पर्यावरण संतुलन के लिये वन्यजीवों की रक्षा जरूरी

विश्व वन्य जीव दिवस- 3 मार्च, 2024

- ललित गर्ग -



अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करने में डूबे इंसान को अब यह अंदाजा ही नहीं रह गया है कि वह अपने साथ-साथ लाखों वन्य जीवों के लिए इस धरती पर रहना कितना दूभर कर दिया है। तथाकथित विकास एवं स्वार्थ के नाम पर धरती पर मौजूद संसाधनों का प्रबंधन और दोहन इस तरह से किया जा रहा है कि वन्य जीवों का अस्तित्व ही समाप्त हो रहा हैं। कितने ही पशु-पक्षियों की प्रजातियाँ विलुप्त हो चुकी हैं, तो कितनी विलुप्ती कगार पर हैं। दुनियाभर में तेजी से विलुप्त हो रहे वन्य पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं वन्यजीवों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी आदि अन्य खतरों पर नियंत्रण के उद्देश्य से विश्व वन्य जीव दिवस हर साल 3 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन लोगों को जंगली वनस्पतियों और जीवों की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण के फायदे बताकर जागरूक किया जाता है और वन्यजीव अपराध और वनों की कटाई के कारण वनस्पतियों और जीवों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए आान किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2013 को, अपने 68वें अधिवेशन में वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं वनस्पति के लुप्तप्राय प्रजाति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल विश्व वन्यजीव दिवस मनाने की घोषणा की थी। महासभा ने वन्यजीवों के पारिस्थितिकी, आनुवांशिकी, वैज्ञानिक, सौंदर्य सहित विभिन्न प्रकार से अध्ययन अध्यापन को बढ़ावा देने को प्रेरित किया। विभिन्न जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अस्तित्व की रक्षा भी इसका उद्देश्य कहा जा सकता है। इस दिवस की शुरूआत थाईलैंड में हुई थी।

विश्व वन्यजीव दिवस मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य वन्यजीवों से हमें भोजन तथा औषधियों के अलावा और भी कई प्रकार के लाभ मिलते हैं। इसमें से एक है वन्यजीव जलवायु संतुलित बनाए रखने में मदद करते हैं। वन्यजीव मानसून को नियमित रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों की पुनःप्राप्ति में सहयोग करते हैं। पर्यावरण में जीव-जंतु तथा पेड़-पौधों के योगदान को पहचानकर तथा धरती पर जीवन के लिए वन्यजीवों के अस्तित्व का महत्व समझते हुए हर साल विश्व वन्यजीव दिवस अथवा वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे मनाया जाता है। वन्य जीवों के सामने तस्करी के अलावा अन्य अनेक खतरे हैं। अब इन वन्य जीवों में ह्यफॉरएवर केमिकल्सह्ण पाये जाने से इनका जीवन लुप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। वैज्ञानिकों को ध्रुवीय भालू से लेकर बाघ, बंदर और डॉलफिन जैसी मछलियों की 330 वन्यजीव प्रजातियों में ह्यफॉरएवर केमिकल्सह्ण के पाए जाने के सबूत मिले हैं। जो दशार्ते हैं कि इंसानों द्वारा बनाया यह केमिकल न केवल पर्यावरण बल्कि उसमें रहने वाले अनगिनत जीवों के शरीर में पहुंच चुका है और उन्हें नुकसान पहुंचा रहा है। इनमें से कई प्रजातियां पहले ही खतरे में हैं।

यूरोप, अफ्रीका, एशिया सहित दुनिया के कई हिस्सों में मछलियों और अन्य जलीय जीवों में यह फॉरएवर केमिकल मिले हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक चूंकि यह केमिकल्स आसानी से नष्ट नहीं होते ऐसे में यह लम्बे समय तक वातावरण में मौजूद रहते हैं। इतना ही नहीं यह वातावरण के माध्यम से लंबी दूरी तक भी जा सकते हैं। इसका मतलब है कि दुनिया के सुदूर क्षेत्रों में जो जहां जीव अभी भी औद्योगिक स्रोतों से दूर है जैसे अंटार्कटिका में पेंगुइन या आर्कटिक में ध्रुवीय भालू भी इन हानिकारक केमिकल्स के चपेट में आ सकते हैं। अन्य शोधों से पता चला है कि इन हानिकारक केमिकल्स के संपर्क में आने से वन्यजीवों को भी इसी तरह नुकसान हो सकता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह संभावित स्वास्थ्य समस्याएं लुप्तप्राय या संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए विशेष रूप से चिंता का विषय हैं, क्योंकि उन्हें अब अपने अस्तित्व के लिए अन्य खतरों के साथ-साथ इन हानिकारक रसायनों से भी जूझना पड़ रहा है।

फॉरएवर केमिकल्स की ही भांति वन्यजीवों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी के कारण भी वन्य जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। पिछले कुछ सालों में तस्करों के अंतरराष्ट्रीय स्तर के नेटवर्क एवं गिरोहों के कारण वन्यजीवों की तस्करी बढ़ी है। लम्बे समय से यह जरूरत महसूस की जा रही है कि वन्यजीव और इनके अंगों के तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने का काम तेजी से होना चाहिए। लेकिन, यह काम आगे नहीं बढ़ पाया। वन्यजीवों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी को रोकने के लिए भारत समेत पांच देशों की सामूहिक रणनीति से काम करने की पहल को सकारात्मक ही कहा जाएगा।

तस्करी के कारण जिन देशों में वन्यजीव खतरे में नजर आते हैं, वहां समन्वय की कमी भी एक कारण माना जाता है। इसकी वजह से यह गैरकानूनी काम बेरोकटोक होता रहा है।

आमतौर पर तस्करी के जरिए दूसरे देश से ऐसे वन्यजीव लाए जाते हैं, जो स्थानीय जंगल में नहीं मिलते। भारत ने हाल ही में बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया के विशेषज्ञों के साथ मिलकर दो दिन तक इस संकट पर गहन मंथन भी किया है। इन देशों ने वन्यजीवों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा तंत्र विकसित करने की योजना बनाई है। यह तंत्र इन देशों में वन्यजीवों की बरामदगी के प्रकरणों का विश्लेषण करेगा। साथ ही तस्करों के नेटवर्क की पहचान कर इसे इंटरपोल की मदद से तस्करों के वित्तीय प्रवाह के तंत्र को तोड़ने का काम भी करेगा। यह सर्वविदित बात है कि वन्यजीवों की तस्करी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा नेटवर्क सक्रिय है, जिसके ज्यादातर उन देशों में अपने संपर्क हैं, जिनके सहयोग से संरक्षित श्रेणी के वन्यजीवों की तस्करी एक देश से दूसरे देश में की जाती है। जहां इन वन्यजीवों की मांग होती है, उन देशों से ये तस्कर मोटी कमाई भी करते हैं। यह तथ्य भी सामने आया कि इन दिनों वन्यजीवों की तस्करी के लिए वायु मार्ग प्रमुख माध्यम बन गया है। इन जीवों को अफ्रीकी देशों से दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों में लाया जा रहा है। वहां से इन्हें चीन व भारत में भेजा जा रहा है।

भारत ने विदेशी वन्य जीवों की तस्करी रोकने के लिए अपने स्तर पर पहले ही व्यापक पहल की है। हवाई अड्डों पर सख्त जांच व निगरानी से विदेशी जीवों की तस्करी पर रोक लगाने के प्रयास रंग लाए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ने वर्ष 2022 में 50 बार विदेशी वन्यजीवों को तस्करों से अपने कब्जे में लिया है। इनमें हुलॉक गिबन, विदेशी कछुए, बड़ी छिपकलियां, बीवर, मूर मकैक, बौने नेवले, पिग्मी मामोर्सेट बंदर, डस्की लीफी मंकी और बॉल पाइथन जैसे विदेशी जीव शामिल हैं। विश्व वन्य जीव दिवस जैसे आयोजनों पर यह अभियान और गति पकडे. ताकि विभिन्न एजेंसियों के सामूहिक तंत्र के जरिए लुप्त होते वन्यजीवों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लग सके। विश्व वन्यजीव दिवस को मनाने का मकसद बहुत ही साफ है कि दुनियाभर में जिस भी वजहों से वन्यजीव और वनस्पतियों लुप्त हो रही हैं उन्हें बचाने के तरीकों पर काम करना। पृथ्वी की जैव विविधता को बनाए रखने के लिए वनस्पतियां और जीव-जंतु बहुत जरूरी हैं।

पृथ्वी पर जीवन का विकास पर्यावरण के अनुकूल ऐसे माहौल में हुआ है, जिसमें जल, जंगल, जमीन और जीव-जंतु सभी आपस में एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए हैं। प्रकृति ने धरती से लेकर वायुमंडल तक विस्तृत जैवविविधता को इतनी खूबसूरती से विकसित एवं संचालित किया है कि अगर उसमें से एक भी प्रजाति का वजूद खतरे में पड़ जाए तो सम्पूर्ण जीव-जगत का संतुलन बिगड़ जाता है। प्राकृतिक संतुलन के लिए सभी वन्य प्राणियों का सरंक्षण बेहद जरूरी है, अन्यथा किसी भी एक वन्य प्राणी के विलुप्त होने पर पूरी संरचना धीरे-धीरे बिखरने लगती है। चूंकि पारिस्थितिकी तंत्र में विभिन्न जीव एक दूसरे पर निर्भर हैं, इसलिए अन्य प्राणियों की विलुप्ति से हम इंसानों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। नए वैज्ञानिक अध्ययन चेताते हैं कि इंसान जानवर को महज जानवर न समझे, बल्कि अपना वजूद बनाए रखने का सहारा समझे। दो या तीन दशकों के भीतर इंसान अगर वन्य जीवों की संख्या में हो रहे गिरावट को नहीं रोक पाया, तो मानव अस्तित्व के लिए एक बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा।

प्रेषक:
(ललित गर्ग)
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92

# मफलर, टोंटी और साड़ी लपेटी फोटोकॉपी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

फेंकू जी फेंकते हैं और लपेटू जी लपेटते हैं । फेंकू जी लच्छेदार भाषण फेंकते रहते हैं और लपेटू जी उसी भाषणों से बिजली तैयार करते हैं। दोनों में चुनावी कैंपेनिंग के समय कुर्सी को लेकर काफी कन्फ्यूजन बना रहता है। फेंकू जी फोटोजेनिक और कुसीर्जेनिक दोनों हैं, इसलिए जल्दी ही वे लपेटू का हाथ अपनी काख में दबाकर दूध में से मक्खी के माफिक दूर कर देते हैं। वे एक साथ भी चल सकते हैं लेकिन अनुशासन से बंधे हुए हैं । दोनों देशभ्रमण पर निकले हुए हैं। तुम्हें पता भी है हमें कहाँ जाना है ? अचानक लपेटू जी ने फेंकू जी से पूछा ।

इसमें पता करने की क्या बात है। जो हमारे खिलाफ हैं उसे धर दबोचने की जिम्मेदारी भी हमारी है। उन्हें जेल में डालना है या फिर सम्मानों के बिस्कुट रूपी टुकड़ों से भारी डिस्काउंट वाले सेल में खरीदना है!! फेंकू ने अपने फेंकाऊपन की मिसाल पेश की।

मेरा मतलब है फेंकू जी कि हम लोग देशभ्रमण पर जा रहे हैं तो हमें ठीक से पता होना चाहिए कि कहाँ-कहाँ का जाना है । इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि कहीं हमारा देशभ्रमण गलत न हो जाए।

देशभ्रमण की चिंता छोड़ो लपेटू जी। बस इतना याद रखो कि जिनका हिसाब करना हैं, उन्हें या तो जेल में रखना है या फिर खेल से बाहर रखना है । मात्र देशभ्रमण के लिए हम अपना समय बर्बाद नहीं कर सकते हैं। मैंने तो यूँहीं पूछ लिया था। जेल या खेल के लिए बंदे को तो चुनना ही होगा न! वरना किसका हिसाब करेंगे और कैसे? पालतू कुत्तों का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी होता है लपेटू जी। मैं न केवल कुत्तों को दुम हिलाने के लिए बल्कि काटने के लिए भी पाल रखा है। देखा नहीं अभी तक हमारे कुत्ते कितनी बार मफलर कुमार पर भौंक चुके हैं। जरूरत पड़ी तो अबकी काटने के लिए छोड़ देंगे। हमें तो केवल कुत्तों को छू कहने की जरूरत है। यहाँ छू कहा वहाँ धर दबोचेंगे। अभी तक न जाने कितने जेल के भीतर हैं और न जाने कितने लाइन में खड़े हैं। इसलिए लपेटते रहो, लपेटते रहो। फेंकू जी ने दाढ़ी पर हाथ फेरते हुए कहा। फिर भी मैं सोचता हूँ कि एक बार सबसे पहले किसके पास जाना है, उसके बारे में विचार कर लेने में कोई हर्ज नहीं है। लपेटू जी को समाधान चाहिए था । लपेटू तुम लपेटते कम हो सोते ज्यादा हो ! ... अब तो बदलो!! सर पर चुनाव है, अब भी तुम नींद में हो... इसका मतलब यह है कि तुम्हारा ध्यान चुनाव पर नहीं है।

# भूल चुका

कहां इंसाफी है जख्मों को कुदेरना,
पोटली में बंद करके न सहेजना,
आज पल खुशी का जश्न मनाओ
नए दौर की नई बातें ही बतलाओ,
मेरा रोना तुम्हारी हंसी छीन लेगा,
हंसना मेरा तुम्हारा गम हर लेगा,
बात द्वेष की आज जड़ से मुका,
मैं बुरे लम्हे को भूल चुका।

करके दुखों को याद अब तक क्या मिला,
कहां अच्छा होता है हर बात पर गिला,
मन की नहीं शांति तो इंसान भिखारी,
बीते जिंदगी बनकर दुखिया सारी,
दूसरों की पद प्रतिष्ठा से क्या द्वेष,
भांप कर कमजोरी दुर्गुण होते प्रवेश,
भूल कर उसे कभी दिल नहीं टूटा,
मैं बुरे लम्हे को भूल चुका।

दुख में भी सुख का अगर होगा आभास,
बिखरे हुए मनकों को पिरोने की आस,
लगता सब पराया अगर मन उदास,
दर -बदर भटकता मन नहीं पास,
सब अपने होंगे जो खुशी में शामिल,
हंसते मुस्कुराते चेहरे लम्हे काबिल,
दुख -दर्द को अपने आगे झुका,
मैं बुरे लम्हे को भूल चुका।
किसी जरूरतमंद को हंसी कर दान,
बढ़ते -बढ़ते यह बन जाएगी खान,
किसी के दिल के दुख को अपना बनाना,
बुझी हुई रोशनी उसमें जगाना,
समय है पास दूसरों को सुनना सीख,
जिंदगी आज है कल नहीं यही रीत,
जीवन न थमा न ही रुका,
मैं बुरे लम्हे को भूल चुका।



-विनोद कुमार शर्मा, चंडीगढ़।

## पीपीपी के सरफराज बुगती को बलूचिस्तान का मुख्यमंत्री चुना गया

कराची, । पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सरफराज बुगती को शनिवार को अशांत बलूचिस्तान प्रांत का नया मुख्यमंत्री निर्विरोध चुन लिया गया। बुगती ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में पीपीपी के टिकट पर प्रांतीय विधानसभा का चुनाव लड़ने के लिए अंतरिम सरकार में कार्यवाहक गृह मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। बुगती ने शुक्रवार को असेंबली के सचिव ताहिर शाह को अपना नामांकन पत्र सौंपा था। उन्हें पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का भी समर्थन प्राप्त है। शुक्रवार शाम पांच बजे तक किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया जिसके बाद बुगती को निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया गया। बुगती को नए मुख्यमंत्री के रूप में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा क्योंकि यह प्रांत अक्सर आतंकवाद और अलगाववादी हिंसा की चपेट में रहता है। आठ फरवरी को हुए आम चुनाव के बाद पीपीपी बलूचिस्तान में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और प्रांत में पीएमएल-एन तथा बलूच आवामी पार्टी के साथ गठबंधन सरकार बनायी। बलूचिस्तान जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की अगुवाई वाली सरकार में 2018 से 2022 तक बलूचिस्तान में सूचना मंत्री भी रहे।

## सोशल मीडिया से जुड़े विधायक पर फ्लोरिडा में लगा वीटो

वाशिंगटन । अमेरिका के फ्लोरिडा में उस विधेयक को वीटो किया गया है, जो 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाता है। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने इसकी जानकारी दी है। श्री डेसेंटिस ने नाबालिगों के लिए ऑनलाइन सुरक्षा विधेयक के संबंध में कहा, मैंने एचबी 1 को वीटो कर दिया है क्योंकि विधायिका एक अलग, बेहतर विधेयक पेश करने वाली है। उन्होंने बताया कि बच्चों को सोशल मीडिया से जुड़े नुकसान से बचाना होगा है, लेकिन माता-पिता के अधिकारों का समर्थन करना और गुमनाम भाषण में शामिल होने की वयस्कों की क्षमता को बनाए रखना भी महत्वपूर्ण है। गर्वनर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नया विधेयक इन प्राथमिकताओं को मान्यता देगा और जल्द ही कानून में हस्ताक्षरित किया जाएगा।

## मिस्र ने रमजान के दौरान गाजा में युद्धविराम का किया आह्वान

अंकारा । मिस्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी ने इस साल 11 मार्च के आसपास शुरू होने वाले रमजान के पवित्र महीने से पहले गाजा में संघर्ष विराम का आह्वान किया। श्री शौकरी ने कहा, मेरा मानना है कि हर कोई मानता है कि फिलिस्तीनियों की सुरक्षा के लिए और इसकी धार्मिक प्रकृति के कारण रमजान से पहले युद्धविराम तक पहुंचना आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि रमजान के दौरान सैन्य कार्रवाइयों से न केवल गाजा और वेस्ट बैंक में नागरिक प्रभावित हो रहे है। बल्कि अरब और मुस्लिम जगत में भी तनावपूर्ण माहौल पैदा होगा। उन्होंने कहा कि ऐसी योजना पर चर्चा करना उचित नहीं है, जो इजरायल को नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सैन्य अभियान चलाने की अनुमति देगी। श्री शौगरी यहां अंताल्या डिप्लोमैसी फोरम में भाग लेने आए हैं। यह फोरम दुनिया भर के 147 देशों के प्रतिनिधियों की मेजबानी करता है।

## बाइडेन का ऐलान, गाजा में जल्द पहुंचेगी मानवीय सहायता

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि अमेरिका जल्द ही गाजा में हवाई मार्ग से मानवीय सहायता पहुंचाना शुरू करेगा। बाइडन का बयान उस समय में आया है जब एक दिन पहले ही इजराइली सैनिकों के साथ हुई एक भीषण मुठभेड़ के दौरान कई फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई थी। बाइडन ने कहा कि आने वाले दिनों में गाजा में विमानों के द्वारा लोगों को मानवीय सहायता पहुंचेगी। गाजा में एक मानवीय सहायता काफिले से खाद्य सामग्री लेने की कोशिश कर रहे फलस्तीनियों की एक भीड़ पर इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में 100 से अधिक लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हुए थे।

## यूएई में बना पहला हिंदु मंदिर जनता के लिए खुला

अबू धाबी । संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के पत्थर से निर्मित पहले हिंदू मंदिर को आम जनता के लिए खोल दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 फरवरी को अबू धाबी के इस पहले हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया था। मंदिर दुबई-अबू धाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल राहबा के पास 27 एकड़ क्षेत्र में लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। मंदिर के लिए जमीन यूएई सरकार ने दान में दी है। अबू धाबी के पहले हिंदू मंदिर का निर्माण नागर शैली में हुआ है। इसी शैली में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया गया है। मंदिर में स्वंयसेवक उमेश राजा के अनुसार, 20 हजार टन से अधिक चूना पत्थर के टुकड़ों को राजस्थान में तराशा गया और 700 कंटेनर में अबू धाबी लाया गया। बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने कहा, ''प्रतीक्षा समाप्त हुई! अबू धाबी मंदिर को अब सभी आगंतुकों और श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। इसमें उल्लेख किया गया है कि मंदिर सोमवार को छोड़कर सभी दिन सुबह नौ बजे से रात आठ बजे तक खुला रहेगा।

## संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा में भारत का प्रस्ताव स्वीकार

नैरोबी । संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा (यूएनईए) ने केन्या के नैरोबी में सतत जीवन शैली से संबंधित भारत के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक सभा में हिस्सा लेने वाले सदस्य देशों ने उस प्रस्ताव को अपनाया जो श्रीलंका और बोलीविया द्वारा सह-प्रायोजित था। यूएनईए का छठा सत्र छह फरवरी को शुरू हुआ था और शुक्रवार को इसका समापन हुआ। प्रस्ताव सतत विकास के तीन आयामों की उपलब्धि में योगदान देने के लिए स्थायी जीवन शैली के प्रति व्यावहारिक परिवर्तनों की क्षमता को मान्यता देता है।

## राजीव गांधी के हत्यारे संथन का शव श्रीलंका पहुंचा

कोलंबो । भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषियों में शामिल संथन का शव अंतिम संस्कार के लिए श्रीलंका लाया गया। दो दिन पहले चेन्नई के एक अस्पताल में हृदय के अचानक काम करना बंद करने (कार्डियक अरेस्ट) से उसकी मौत हो गई थी। श्रीलंका निवासी संथन उर्फ टी सुथेन्डिरराजा (55) उन सात लोगों में से एक था, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में रिहा कर दिया था, क्योंकि वे लोग 1991 में श्रीपेरम्बुदुर में गांधी की हुई हत्या के सिलसिले में 20 साल से अधिक समय जेल में गुजार चुके थे। सूत्र ने कहा, श्रीलंकाई एयरलाइंस की उड़ान यूएल 122 से दोपहर को उसका शव यहां लाया गया। उसके कई रिश्तेदार उसका शव ग्रहण करने के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे।'' संथन के वकील पुगाझेंधी ने बताया कि उसके शव को श्रीलंका में उसके घर ले जाया जाएगा।

## 26/11 मुंबई हमले के मुख्य साजिशकर्ता आजम चीमा की मौत

करांची । 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता आजम चीमा की पाकिस्तान में मौत हो गई है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि लश्कर के खुफिया प्रमुख आजम चीमा (70) की फैसलाबाद में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। पाकिस्तान ने भारतीय एजेंसियों पर कई लश्कर आतंकियों की हत्याओं के पीछे होने का आरोप लगाया है, हालांकि भारत ने इस आरोप से इनकार किया है। हालांकि नई दिल्ली ने कहा कि वह ऐसी कोई हत्या सूची नहीं रखती है, अगर वास्तव में कोई सूची होती तो चीमा जेयूडी प्रमुख हाफिज सईद और जेईएम प्रमुख मौलाना मसूद अज़हर के साथ शीर्ष पर होते। बता दें कि चीमा 26/11 के आतंकवादी हमलों और जुलाई 2006 के मुंबई ट्रेन बम विस्फोटों के अलावा भारत में कई अन्य आतंकवादी हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक था। भारतीय एजेंसियों के लिए, उसकी मौत की खबर केवल नामित आतंकवादी की मौजूदगी भर है, जबकि इस्लामाबाद इसके लिए बार-बार इनकार करता था।



ब्यूनस आयर्स में राष्ट्रपति जैवियर मैली की आर्थिक नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए लोग।

## रूस नहीं करेगा अंतरिक्ष में परमाणु हथियारों की तैनाती : पुतिन



मॉस्को । रूस अंतरिक्ष परमाणु हथियारों की तैनाती में नहीं करेगा। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने देश के सुरक्षा परिषद के सदस्यों के साथ बैठक में कहा कि रूस की अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। एक रिपोर्ट में शुक्रवार को राष्ट्रपति का हवाला देते हुए कहा कि हम पहले ही अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात करने की हमारी कथित योजनाओं के बारे में कुछ पश्चिमी अधिकारियों द्वारा लगाए जा रहे झूठे आरोपों पर चर्चा कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गुरुवार को अपने वार्षिक स्टेट ऑफ द नेशन संबोधन में पुतिन ने ऐसे आरोपों को निराधार और फर्जी करार दिया हैं। गौरतलब है कि उनका यह बयान पश्चिमी मीडिया की उन रिपोर्टों के बाद आया है, जिसमें दावा किया गया है कि अमेरिकी खुफिया डेटा से पता चला है कि रूस अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात करने की तैयारी कर रहा है।

# नहीं सुधर रहे खालिस्तानी, भारतीय दूत की उपस्थिति वाले कार्यक्रम को एसएफजे ने की बाधित करने की कोशिश

**ओटावा (एजेंसी)।** ओटावा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने शुक्रवार शाम तनावपूर्ण परिस्थितियों में ब्रिटिश कोलंबिया में एक स्थानीय व्यापार मंडल के साथ बैठक की, क्योंकि कार्यक्रम का विरोध कर रहे खालिस्तान समर्थक तत्वों ने कार्यक्रम स्थल को घेर लिया था। पिछले साल 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया शहर में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद वर्मा की सरे की यह पहली यात्रा थी।

इस कार्यक्रम को निशाना बनाया गया क्योंकि प्रदर्शनकारियों ने इसे आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया, लेकिन इसके समापन के बाद, वर्मा ने इस कार्यक्रम को सफल बताया। उन्होंने बाहर विरोध प्रदर्शन के बारे में कहा कि नारेबाजी अपेक्षित तर्ज पर थी। गालियां दी गईं। तिरंगे का अपमान किया गया। हमारी वैश्विक अर्थव्यवस्था का भविष्य एक साथ शीर्षक वाला कार्यक्रम सरे बोर्ड ऑफ ट्रेड (एसबीओटी) और साउथ एशियन बिजनेस एसोसिएशन (एसएबीए) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।




शाम 6 बजे के निर्धारित समय से आधे घंटे पहले लगभग 500 की संख्या में कई प्रदर्शनकारी होटल के बाहर जमा हो गए, उसे घेर लिया और उसके प्रवेश द्वारों को अवरुद्ध कर दिया। कई लोग नकाबपोश थे। विरोध प्रदर्शन से पहले प्रसारित किए गए फ्लायर्स ने उन्हें भारतीय निगरानी से बचने के लिए ऐसा करने की चेतावनी दी थी। उनके हाथों में खालिस्तान के झंडे थे और अलगाववादी नारे लगाए गए।

# अमेरिका के लोगों को चाहिए मोदी जैसा नेता



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** एक बड़े अमेरिकी बिजनेसमैन ने ख्वाहिश जताई है कि काश अमेरिका में भी पीएम मोदी जैसा कोई नेता होता। इस अमेरिकी बिजनेसमैन का नाम जॉन चैंबर्स है। जॉन चैंबर्स यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम के अध्यक्ष हैं। चैंबर्स ने पीएम मोदी की प्रशंसा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की अनुमोदन रेटिंग 50फीसदी से कम बताई।जॉन चैंबर्स ने कहा, भारत का दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना तय है। उन्होंने यह भी कहा कि एक दशक से अधिक समय में भारत की अर्थव्यवस्था चीन से 90फीसदी बड़ी हो जाएगी। भारत के शीर्ष पर पहुंचने का एक कारण उसकी जोखिम लेने की इच्छा है। उन्होंने कहा, कुछ साल पहले ऐसी स्थिति नहीं थी। चैंबर्स के मुताबिक, यह पीएम मोदी के प्रभाव के कारण है। उन्होंने यह भी कहा कि वह सात साल से कुछ भारतीय कंपनियों सहित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर दांव लगा रहे हैं। इस प्रोद्योगिकी का दुनिया पर सकारात्मक असर पड़ेगा और इससे प्रत्येक नागरिक लाभान्वित होगा।

अमेरिकी टेक जगत की शख्सियत जॉन चैंबर्स ने कहा, आपके प्रधानमंत्री के बारे में जाहिर तौर पर मैं उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि वह आज दुनिया के सबसे अच्छे नेता हैं। और मेरी इच्छा है कि हमारे पास अमेरिका में भी ऐसा कोई हो। हमें ऐसा कोई राजनीतिक नेता नहीं मिला जिसकी अनुमोदन रेटिंग 50फीसदी से अधिक हो, और पीएम मोदी की 76फीसदी है।

## भारत पर थाईलैंड ने डब्ल्यूटीओ में उगला जहर, अब चुकानी पड़ी कीमत



थाईलैंड ने डब्ल्यूटीओ से अपने राजदूत को वापस बुला लिया है और इसकी वजह भारत है। दरअसल, डब्ल्यूटीओ में थाईलैंड की राजदूत पिटफील्ड ने एक बड़ा आरोप लगाते हुए कहा था कि भारत सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के जरिए सस्ती दर पर चावल खरीद कर अंतरराष्ट्रीय चावल निर्यात पर कब्जा कर रहा है। थाईलैंड के इस आरोपों पर भारत ने डब्ल्यूटीओ के सामने कड़ी आपत्ति जताई थी। भारत द्वारा अपने खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के लिए खरीदे गए चावल का निर्यात करने का आरोप लगाने वाली उनकी टिप्पणियों पर भारत द्वारा कड़ा विरोध दर्ज कराए जाने के बाद थाईलैंड ने विश्व व्यापार संगठन में अपने राजदूत पिमचानोक वॉनकोर्पोन पिटफील्ड को वापस बुला लिया। 29 फरवरी को डब्ल्यूटीओ की बैठक के दौरान पिटफील्ड ने परोक्ष रूप से दावा किया कि भारत ने खाद्य सुरक्षा प्रयासों को वैश्विक व्यापार में अनुचित लाभ प्राप्त करने के साधन के रूप में इस्तेमाल किया है। भारतीय प्रतिनिधियों ने इन आरोपों का जोरदार खंडन किया और उन्हें तथ्यात्मक रूप से गलत और अपमानजनक बताया। भारत ने पिटफील्ड की टिप्पणियों पर निराशा व्यक्त करते हुए थाई सरकार के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया। भारतीय वार्ताकारों ने अस्वीकृति के संकेत के रूप में डब्ल्यूटीओ में थाई प्रतिनिधियों के साथ बैठक का बहिष्कार किया। भारत के तीव्र विरोध का सामना करते हुए, थाईलैंड ने पिटफील्ड को हटाकर देश के विदेश सचिव को नियुक्त कर दिया। इस विवाद के मूल में भारत और विकसित देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही असहमति है, जो सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से चलने वाले भारत के खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों को संदेह की दृष्टि से देखते हैं।

## पाकिस्तान में नौ मार्च को होगा राष्ट्रपति चुनाव

### -पूर्व राष्ट्रपति जरदारी का फिर चुना जाना तय



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने घोषणा की कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान नौ मार्च को होगा, जिसमें पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का लगभग 11 साल बाद फिर से राष्ट्रपति बनाना लगभग तय है। नए राष्ट्रपति मौजूदा राष्ट्रपति डॉ. आरिफ अल्वी का स्थान लेने वाले है। जिनका पांच साल का कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था। हालाँकि, वे पद पर बने हुए हैं, क्योंकि नए निर्वाचक मंडल का गठन अभी तक नहीं हुआ है। पाकिस्तान निर्वाचन आयोग (ईसीपी) ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव नौ मार्च को नेशनल असेंबली और सभी प्रांतीय असेंबली में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक होगा। ईसीपी ने कहा कि अधिकारियों द्वारा नामांकन पत्रों की छंटनी चार मार्च को की जाएगी, और इसके अगले दिन नाम वापस लिया जा सकता है। पूर्व राष्ट्रपति जरदारी को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेता शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाले छह दलों के गठबंधन द्वारा शीर्ष पद के लिए नामित किया गया है। इससे जरदारी की जीत लगभग तय मानी जा रही है। गठबंधन में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) सहित अन्य दल शामिल हैं। पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत बेनजीर भुट्टो के पति जरदारी सितंबर 2008 से 2013 तक देश के राष्ट्रपति रह चुके हैं।

# ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक की चरमपंथी ताकतों को चेतावनी, देश को तोड़ने की कोशिश ना करे

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने देश के नागरिकों से लोकतंत्र को बचाने के लिए अपील की। उन्होंने चेतावनी देकर कहा कि चरमपंथी ताकतें देश को तोड़ने और इसकी बहु-धार्मिक पहचान को कमजोर करने के लिए तैयार रहती हैं। पीएम सुनक ने कहा कि जो लोग वीजा पर हैं, अगर उन्होंने नफरत फैलाने की कोशिश की, तब उनका वीजा रद्द किया जाएगा। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनों को चरमपंथी ताकतों द्वारा अपहरण न किया जाए। अपनी हिंदू मान्यताओं का जिक्र करते हुए, सुनक ने कहा कि यूनाइटेड किंगडम के स्थायी मूल्य सभी धर्मों और जातियों के प्रवासियों को गले लगाना सिखाते हैं।

पीएम सुनक ने कहा कि आप मेरी तरह एक हिंदू और एक गौरवान्वित ब्रिटिश व्यक्ति हो सकते हैं, एक धर्मनिष्ठ मुस्लिम और एक देशभक्त नागरिक हो सकते



हैं, जैसा कि बहुत से लोग हैं या एक लगन से काम करने वाले यहूदी व्यक्ति और अपने स्थानीय समुदाय का केंद्र हो सकते हैं और यह सब हमारे ईसाई चर्च की सहिष्णुता पर आधारित है। लेकिन मुझे डर है कि दुनिया के सबसे सफल एक से ज्यादा जाति और आस्था वाले लोकतंत्र के निर्माण में हमारी उपलब्धि को जानबूझकर कमजोर किया जा रहा है। देश के अंदर कुछ ताकतें हैं, जो हमें तोड़ने की कोशिश कर रही हैं।

सुनक, रोशडेल उपचुनाव में फिलिस्तीन समर्थक जॉर्ज गैलोवे की जीत के बाद यह स्पीच दे रहे थे। उन्होंने कहा कि हाल ही में कई मौकों पर, ब्रिटेन की सड़कों पर छोटे समूहों ने कब्जा कर लिया है, जो ब्रिटिश मूल्यों के दुश्मन हैं और इसकी लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान नहीं करते हैं।

उन्होंने कहा कि मैं यहां हमारे देश के पहले अश्वेत प्रधानमंत्री के रूप में खड़ा हूं, जो हमारे देश के इतिहास में सबको साथ लेकर चलने वाली सरकार का नेतृत्व कर रहा है। इससे सभी जातियों, सभी धर्मों और सभी बैकग्राउंड के लोगों को पता चल रहा है कि यह आपकी त्वचा का रंग नहीं है, यह उस भगवान का रंग नहीं है, जिस पर आप विश्वास करते हैं। आपकी सफलता इससे नहीं तय होगी कि आप कहां पैदा हुए हैं, सिर्फ आपकी कड़ी मेहनत और कोशिश आपको कामयाब करेगी।

# बाइडेन की फिर फिसली जुबान, गाजा की जगह कह दिया यूक्रेन में हवाई जहाज से भोजन और राहत सामग्री गिराई जाएगी



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की एक बार फिर कैमरे पर जुबान फिसल गई। जब उन्होंने कहा कि अमेरिका यूक्रेन में भोजन और आपूर्ति हवाई जहाज से गिराएगा, जबकि उनका वास्तव में मतलब गाजा पट्टी से था। बाइडेन ने यह टिप्पणी इटली की प्रधान मंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ की। बाद में व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने पत्रकारों को स्पष्ट किया कि जो बिडेन अपने संबोधन में गाजा का जिक्र कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने भाषण में दो बार यूक्रेन का जिक्र किया। बाइडेन ने व्हाइट हाउस में मेलोनी की मेजबानी की। एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए, 81 वर्षीय अमेरिकी राष्ट्रपति ने घोषणा की कि अमेरिका जॉर्डन और अन्य देशों में शामिल हो रहा है जो गाजा में भोजन और आपूर्ति भी भेज रहे हैं।

बाइडेन ने कहा कि आने वाले दिनों में हम जॉर्डन में अपने दोस्तों और अन्य लोगों के साथ जुड़ने जा रहे हैं जो अतिरिक्त भोजन और आपूर्ति की हवाई बूंदें प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संभवतः समुद्री सहित अन्य रास्ते खोलने की कोशिश करेगा। हालांकि, अपने भाषण में उन्होंने गलती से दो बार गाजा की जगह यूक्रेन का जिक्र कर दिया। इस महीने की शुरुआत में बाइडेन ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्द अल-फतह सईद हुसैन खलील अल-सिसी का उल्लेख करते हुए गलती की और उन्हें मेक्सिको का राष्ट्रपति कहा। उन्होंने फिलिस्तीनी क्षेत्र में मानवीय सहायता के मार्ग की अनुमति देने के लिए मिस्र द्वारा गाजा के साथ साझा किए जाने वाले राफा बॉर्डर क्रॉसिंग के द्वार खोलने के लिए एल-सिसी को समझाने की बात करते समय गलती की।

विशेष वकील रॉबर्ट हूर के दावों को गुस्से में नकारने के तुरंत बाद उन्होंने यह गलती की कि उनकी याददाश्त खराब और दोषपूर्ण है। बार-बार होने वाली गड़बड़ियों के कारण जो बिडेन के स्वास्थ्य पर अक्सर सवाल उठते रहे हैं। हालाँकि, उनके डॉक्टर ने 29 फरवरी को कहा कि वार्षिक शारीरिक परीक्षण से पता चला है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ड्यूटी के लिए फिट बने हुए हैं।

# जनता और पुलिस एक दूसरे के पूरक हैं: रन्नौद थाना प्रभारी अरविंद चौहान
## सीएम के निर्देश पर जनता और पुलिस के बीच संवाद कार्यक्रम संपन्न





**संवाददाता प्रदीप जैन (पिंटू) रन्नौद**
रन्नौद। पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवम कोलारस एसडीओपी विजय यादव के मार्गदर्शन में रन्नौद थाना प्रभारी अरविद्र चौहान ने नगर के विकास गार्डन में पुलिस चौपाल लगाकर ग्रामवासियों से जनसंवाद किया गया। जनसंवाद में रन्नौद तहसीलदार अशोक राजपूत ने ग्रामीणों को बताया कि महिलाओं एवम बालिकाओं संबंधी अपराध में किसी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को सूचना देवें तथा डायल 100 नंबर व 108 एम्बुलेंस सेवा का कैसे उपयोग करे इस हेतु समझाईश दी गई। सड़क दुर्घटना संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु यातायात नियमों के बारे में बताया जाकर नियमों का पालन करने हेतु बताया गया एव नाबालिगों को वाहन का उपयोग ना करने देवे एवं दो पहिया वाहन से यात्रा करते समय हेलमेट अवश्य पहनने व चार पहिया वाहन से यात्रा करते समय सीट बेल्ट लगाने व समस्त दस्तावेज अपने साथ रखने हेतु बताया गया। सायबर संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु मोबाईल में अज्ञात व्यक्ति अज्ञात नंबर से कॉल आने पर बैंक संबंधित जानकारी या किसी प्रकार की भी जानकारी पूछने पर किसी प्रकार की जानकारी नही देने व ओटीपी किसी को नही बताने व लॉटरी या ईनाम जैसी स्कीम में पैसे जीतने संबंधित कॉल या मैसेज प्राप्त होने पर किसी भी व्यक्ति को पैसों का ट्रांसजेशन ना करे। इस संबंध में जानकारी प्रदाय की गई। समस्त ग्रामवासियों को किसी भी प्रकार का नशा नही करने व नशे व नशैली वस्तुओ से दूर रहने हेतु समझाइश दी गयी तथा समस्त ग्रामवासियों को किसी भी जाको सर्प दंश की स्थिति में तांत्रिको विधाओं में ना उलझ कर जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाने हेतु समझाईश दी गयी। नगर के गणमान्य नागरिक नरेंद्र सिंह सिकरवार, अवध बोहरे, कोसलेश शर्मा, जमुना प्रसाद कुशवाहा, दिलावर हासन, जीतू तिवारी, वा नगर के पार्षद मौजूद रहे

# पुलिस अधीक्षक द्वारा जनमानस की समस्याओं के निराकरण हेतु दिए आवश्यक निर्देश

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**
शिवपुरी-पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार आज दिनांक 03.03.2024 को पुलिस अधीक्षक शिववुरी के निर्देशन मे जिले के समस्त थानों पर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी मे लोगों से जन संबाद किया है । पुलिस जन संबाद मे क्षेत्र के जन प्रतिनिधीगण, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिक, प्रवुद्धजन, विभिन्न व्यवसायों जैसे डॉक्टर, अधिवक्ता, शिक्षाविद आदि, व्यापार मंडलों के प्रतिनिधियों, जन सामान्य से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण आदि सम्मिलित हुये । शहर के तीनों थानों का जन संबाद कार्यक्रम पुलिस कन्ट्रोल रुम शिवपुरी मे पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह भदौरिया के नेतृत्व मे आयोजित किया गया । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा जन संबाद मे गणमान्य नागरिकों से उनके क्षेत्र मे सुरक्षा का बातावरण, सुरंक्षा संबंधी समस्याऐं व सुझाव प्राप्त किये एवं उनकी पुलिस से अपेक्षा पर चर्चा की इसके अतिरिक्त उन्हें पुलिस कार्य प्रणाली के बारे मे भी




अवगत कराया । पुलिस अधीक्षक द्वारा गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुये जन संबांद कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे मे बताया जो लोगों की समस्याओं को कम करने के लिये है । संबांद मे गणमान्य नागरिकों द्वारा शहर मे वाहनों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ ट्राफिक व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता एवं ट्रैफिक जाम में ट्रैफिक पुलिस से अपेक्षित सहयोग को पुलिस अधीक्षक के सामने रखा, जिसपर पुलिस अधीक्षक द्वारा तुरंत कार्यवाही करते हुये ट्राफिक थाना प्रभारी को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया । गणमान्य नागरिकों द्वारा सुझाव दिया गया कि अनाथ वृद्धो को मंगल वृद्ध आश्रम में भी भेजा जा सकता है, इसके अतिरिक्त गणमन नागरिकों द्वारा सुलोचन आदि सुनकर नशा करने वालों के बारे में बताया । पुलिस अधीक्षक द्वारा गणमान्य नागरिकों की समस्या के समाधान हेतु थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये । शिवपुरी पुलिस द्वारा आज दिनांक को कुल 27 स्थानों पर जन संबाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे 1332 प्रतिभागी सामिल हुये ।

# नाबालिग अपहृता को बहला फुसलाकर ले जाने वाली महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**
शिवपुरी- पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी रघुवंश सिह भदौरिया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी महोदय श्री संजय चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना हाजा के अपराध क्र.41/2024 धारा 363 भादवि की अपहृता को आज दिनांक 03.03.2024 को दस्तयाब कर आरोपिया चमेली आदिवासी पत्नि मस्तराम आदिवासी उम्र 38 साल निवासी ग्राम पतारा थाना सुभाषपुरा जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।
उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि कुसुम गोयल, सउनि आर के सगर, प्रआऱ0 99 महेशदत्त शर्मा, प्रआऱ0 197 अभय सिंह, आऱ0 301 विमल बोहरे, आर.आलोक व्यास, आर.274 धर्मेन्द्र शर्मा, आर0 619 पवन कुमार, म.आर.1146 प्रीति राठौर, आर.598 अर्जुन कुमार की अहम भूमिका रही।

## स्वच्छ भारत अभियान, स्वच्छ भारत का सपना साकार- शिवानी जैन एडवोकेट

ऑल ह्यूमन से सेव एंड फॉरेंसिक फाउंडेशन डिस्टिक वूमेन चीफ शिवानी जैन एडवोकेट ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत देश के कोने-कोने को स्वच्छ बनाना है। लोगो को खुले में शौच करने से रोकना ताकि बीमारियों और रोगो से मुक्ति मिल सके। देश के प्रत्येक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर शौचालय का निर्माण करवाना। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की प्रत्येक सड़क, गली, मोहल्ले साफ़-सुथरे होना चाहिए।प्राचीन मानवाधिकार काउंसिल सदस्य एवं मां सरस्वती शिक्षा समिति के प्रबंधक डॉ एच सी विपिन कुमार जैन ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार की स्थापना की कोशिश है। देखा जाए तो, अपने आस-पास साफ-सफाई रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

# पिछोर में आयोजित हुआ लोकोत्सव कार्यक्रम,सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह कार्यक्रम में हुए शामिल






**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**
शिवपुरी- सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से वर्ष 2023- 24 का राज्य स्तरीय लोकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम पिछोर के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मंत्री नारायण सिंह कुशवाह शामिल हुए। शनिवार की शाम मंत्री नारायण सिंह कुशवाह पिछोर पहुंचे। कार्यक्रम से पहले उन्होंने करेरा के ओलावृष्टि प्रभावित गांव का भ्रमण भी किया और किसानों से भी चर्चा की। मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सर्वे करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत वह कार्यक्रम में पहुंचे जहां कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। लोक उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न अंचलों से आए लोक कलाकारों द्वारा लोक नृत्य और लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों द्वारा विभिन्न लोक शैली पर आधारित राई नृत्य, लांगुरिया, बधाई, बिरहा, भगोरिया सहित मध्य प्रदेश की कला और संस्कृति को प्रस्तुत करते हुए कई प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिछोर विधायक प्रीतम लोधी ने की। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राजू बाथम सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।इस दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन रविवार को हुआ जिसमें विधायक प्रीतम लोधी ने कलाकारों को पुरुस्कार वितरण किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर विजेंद्र यादव भी मौजूद रहे।
**विभिन्न विभागों ने लगाई स्टॉल**-कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं की जानकारी पर आधारित स्टॉल लगाई गई। कार्यक्रम में आने वाले लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई।
**दिव्यांगजन परीक्षण शिविर का आयोजन**-इसके अलावा दिव्यांगजन शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में 500 से अधिक लोगों ने पंजीयन कराया। मौके पर कुछ लोगों को ट्राईसाइकिल भी दी गई। जो दिव्यांगजन शेष रह गए हैं 9 मार्च को खनियाधाना में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# पुलिस का आमजन से हुआ जनसंवाद,डीजे की आवाज व रात्रि में बजने पर सख्त कार्यवाही के निर्देश

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**
शिवपुरी-शासन के निर्देशानुसार पुलिस प्रशासन द्वारा आज तहसील करैरा में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पुलिस और जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, आम जनों ने भाग लिया।एसडीओपी शिवनारायण मुकाती ने जनसंवाद की आवश्यकता व उद्देश्य को बताते हुए कहा कि आप लोगो को चाहिए कि आपके पड़ोस में कोई व्यक्ति बीमार है तो 108 नंबर लगाकर उसको उपचार हेतु अस्पताल तक पहुंचाए। यह भी बताया कि ऐसे लोगो को सचेत रहने की आवश्यकता है जिनके बच्चे बाहर पढ़ते है, या नौकरी करते है, अक्सर उनके मित्र बनकर घरों पर आते है, परिजनों के साथ अप्रिय घटना घटित कर अपराध करके चले जाते है। अपरिचित व्यक्ति को गेट न खोले, पहले बंद गेट से परिचय ले और कंफर्म करे कि आने वाला




व्यक्ति सही है, इस तरह से अपराधो से बचा जा सकता है। हर किराएदार की सूचना थाने में अवश्य दे। किराएदार रखते समय आधार कार्ड, मोबाइल नंबर आदि ले व थाने में सूचना देकर ही किराएदार रखे।नगर निरीक्षक सुरेश शर्मा ने बताया कि अक्सर लोग घरों को सुना छोड़कर ताला बंद करके बाहर चले जाते है, वापस आने से पहले चोरी हो जाती है, ऐसे लोग पुलिस को सूचना देकर जाए तो हम ऐसे घरों की निगरानी रख सके। स्थानीय लोगो ने डीजे के तेज आवाज, विवाह घरों में रात 10 बजे के बाद शोरगुल की शिकायत की। अवैध दारू के विक्रय पर शिकायत करते हुए बताया कि मंडी के सामने, कोर्ट के पास, सहित अनेक जगहों पर अवैध दुकानों से शराब बेची जा रही है। नगर में लगे सीसी कैमरों पर भी चर्चा की गई, यदि ये कैमरे चालू रहे तो अपराधो पर नियंत्रण बना रहेगा। सब्जी मंडी व आटो, टमटम के अनियंत्रित खड़े रहने पर भी चर्चा की गई। पुलिस ने उक्त बिंदुओं पर कड़ाई से पालन कराने का आश्वासन दिया तथा थाना प्रभारी ने कहा कि महत्वपूर्ण स्थानों पर बीट प्रभारी सहित थाना प्रभारी के नंबर भी लिखवाए जायेंगे तथा मैरिज गार्डन पर भी सूचना पटल पर भी डीजे सहित अन्य नियमो की सूचना लिखवाई जायेगी।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया को शिवपुरी गुना लोकसभा से प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**
शिवपुरी। शिवपुरी गुना लोकसभा से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रत्याशी घोषित होते ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता जिला कार्यालय पर उपस्थित हुए यहां पहले कार्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष राजू बाथम ने सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए पूरे उत्साह से संकल्प से सिद्धि के मंत्र को आत्मसात करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव आ गए हैं और हमारे लोकप्रिय नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया को भारी से भारी बहुमत से विजई बनाकर संसद में पहुंचना है। बैठक का संचालन महामंत्री सोनू बिरथरे ने किया। बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र बिरथरे, पूर्व विधायक ओमप्रकाश खटीक, हरिहर शर्मा, माखनलाल राठौर, विधायक महेंद्र यादव, प्रहलाद भारती, जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरवीर रघुवंशी, केशव सिंह, सुरेश राठखेड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा आदि मौजूद रहे।जिला मीडिया प्रभारी विकास दंडोतिया ने बताया कि बैठक के बाद कार्यालय से ही ढोल नगाड़ों के साथ भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी पैदल ही माधव चौक के लिए निकले।



इस दौरान सभी कार्यकर्ता भाजपा जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। माधव चौक पर सभी कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया और आतिशबाजी की। जिला अध्यक्ष राजू बाथम ने कहा कि संगठन ने हमारे लोकप्रिय नेतृत्व को टिकट घोषित कर शिवपुरी गुना जिले की विधानसभा के प्रत्येक कार्यकर्ता का महत्व ब?ाया है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर इस बार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भारी बहुमत से विजयी बनाकर संसद में भेजेंगे।कार्यकर्ताओं के उत्साह ?ोल नगाड़ों के बीच मीडिया से बात करते प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरवीर रघुवंशी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमें ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसा ऊर्जावान नेतृत्व प्राप्त हुआ। शिवपुरी जिला हमेशा ही सिंधिया का कर्म क्षेत्र रहा है। एक एक कार्यकर्ताओं से उनका स्नेह सदैव बना रहता है। एक बार फिर हमें ज्योतिरादित्य सिंधिया को संसद में भारी मतों से विजयी बनाकर भेजना है और इसके लिए कार्यकर्ता उत्साहित हैं। शिवपुरी क्षेत्र की जनता इस बार 400 पार के नारे को संकल्प के रूप में लेकर ऐतिहासिक विजय के लक्ष्य को पूरा करेगी।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हेमंत ओझा, मंजुला जैन, पवन जैन, महामंत्री सोनू बिरथरे, गगन खटीक, मंत्री मुकेश चौहान, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष विपुल जैमिनी, केपी परमार, सांसद प्रतिनिधि रामजी व्यास, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष नवनीत सेन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजय कुशवाहा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा शिवहरे, मुन्नालाल कुशवाहा, राजीव जैन, रमन अग्रवाल, हरिओम काका, गोलू व्यास, आकाश राठौर, युवा मोर्चा के विवेक उपाध्याय, अमन मिश्रा, राहुल खटीक, विकास गोयल, निकेतन शर्मा, अर्पण शर्मा, सोनू राजावत कार्य करता हुआ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय लोक उत्सव कार्यक्रम के समापन में लोक नृत्य के माध्यम से दी सुंदर प्रस्तुतियां

**संवादाता हरिओम परिहार**
पिछोर स्थानीय छत्रसाल महाविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में रविवार 3 मार्च राज्य स्तरीय लोक उत्सव कार्यक्रम का समापन किया गया यह दो दिवसीय कार्यक्रम छत्रसाल स्टेडियम में होना था लेकिन वर्षा के कारण तत्काल स्थान परिवर्तन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रीतम सिंह लोधी द्वारा दीप प्रतिरोध कर किया गया कार्यक्रम में प्रदेश के 25 जिलों तिलक भाग 300 से अधिक कलाकारों ने अपनी विभिन्न प्रस्तुतियां मंच पर दी जिससे न सिर्फ लोगों को नशा विरोधी सहित कई संदेश प्राप्त हुए बल्कि भरपूर मनोरंजन भी हुआ भारत की लोक संस्कृति को जीवित करते हुए विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य को कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम के अंत में विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने अतिथि के रूप में आए कलाकारों तथा जनता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के बड़े नगरों में होने वाला यह लोकोत्सव पिछोर में हो रहा है यह भाजपा सरकार की बड़ी बात है उन्होंने कहा कि इन कल के माध्यम से हमारी पुरानी लोक परंपरा लोकनाथ और संस्कृत परंपराएं जीवित हो रही हैं कार्यक्रम में कई ऐसी कलाओं का प्रदर्शन देखने को मिला जो वर्षों पहले देखा करते थे उन्होंने कहा है कि ऐसे कार्यक्रम अब पिछोर में हमेशा देखने को मिलेंगे वहीं उन्होंने दिव्यांगजन पर कहा कि दिव्यांग जनों को मदद करना पुण्य का कार्य है हमें अपने आसपास सभी जगह दिव्यांगजनों को खोज कर मदद करना है शासकीय सुविधाओं कृत्रिम अंग आदि को दिलाना है विधायक लोधी कार्यक्रम के दौरान कृत्रिम अंगों के लिए चिन्हित हो रहे तथा शिविर में पहुंचे दिव्यांगजनों से मिले और उनसे सुविधा आशुविधाओं पर बात की कार्यक्रम में एक कलाकार ने फिल्मी गाने की धुन पर नशे की आदत न लग जाए जमाने को, नाश कर देता है मोहताज दाने-दाने को सुंदर गीत प्रस्तुत किया वही नशा को बुरा बताते हुए क्षेत्रीय राय लोकनाट्य भी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया लोकोत्सव कार्यक्रम में शासकीय अशासकीय विभिन्न कलापथक दलों ने कार्यक्रम



के शुरुआत पर शा. कलापथक दल कोरल ग्रुप के कलाकारों द्वारा गणेश सरस्वती वंदना की गई इसके बाद अशासकीय कलामंडल डिंडोरी द्वारा गुटुम्ब वादन लोकनृत्य,शासकीय कलापथक कोरल ग्रुप द्वारा नशामुक्ति गीत प्रस्तुति, कलामण्डल जिला बालाघाट द्वारा लोक नृत्य सप्तरंग प्रस्तुति, नवयुवक कलामण्डल परसोरा जिला दमोह द्वारा लोक नत्य सत्संग प्रस्तुति,शासकीय कलापथक दल संभाग इंदौर द्वारा (नशामुक्ति पर आधारित) नाटक प्रस्तुति, कबीर भजन मण्डल जिला शाजापुर द्वारा मालवीय लोकगीत की प्रस्तुति, अशासकीय कलामण्डल जनमानस दल जिला छिंदवाडा द्वारा लोकनृत्य की प्रस्तुति,नवयुवक मण्डल बेगमगंज जिला रायसेन द्वारा लोकगीत की प्रस्तुति,शासकीय कलापथक दल सागर संभाग द्वारा दिव्यांगजन गीत एवं नाटक प्रस्तुति,जनचौपाल समाज कल्याण समिति भोपाल द्वारा लोकगीत एवं राई की प्रस्तुति,इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर सम्भाग द्वारा नाटक एवं गीत प्रस्तुति,कोरल ग्रुप के कलाकार बीरेन्द्र कोरे द्वारा वाद्य वृंद प्रस्तुति,अशासकीय कलामण्डल वेलफेयर सोसायटी रजनी दुबे दमोह द्वारा न्यूइमेज आर्ट की प्रस्तुति,स्थानीय दल पिछोर की प्रस्तुति,ग्वालियर अशासकीय कलामण्डली दीपशिखा की प्रस्तुति, जिला दतिया से विनोद मिश्र की हरदौल प्रस्तुति,अशासकीय जनमानस कलामण्डली छिंदवाडा द्वारा सुंदर,कलामंडल जिला डिंडोरी द्वारा गुडुम्ब वादन लोकनृत्य प्रस्तुति, कलामंडल बालाघाट द्वारा लोकनृत्य सप्तरंग प्रस्तुति,नई दिशा सांस्क्रतिक समाज कल्याण समिति गौतम नगर एवं नवयुवक हरिजन एवं आदिवासी विकास समिति भोपाल द्वारा विशेष प्रस्तुतियां दी गईअंत में कार्यक्रम प्रभारी सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग से डिप्टी कलेक्टर बृजेंद्र सिंह यादव द्वारा विधायक के माध्यम से सभी कलाकारों को पुरस्कार वितरण किए गए वहीं उन्होंने अंत में सभी का क्रमिक रूप सेआभार प्रदर्शन कियादिव्यांग शिविर में 500 से अधिक लोगों ने कराया पंजीयन एक तरफ जहां राज्य स्तरीय लोको सब कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही थी वहीं दूसरी तरफ छत्रसाल महाविद्यालय में बाहर से आए हुए डॉक्टरों द्वारा दिव्यांग जनों का परीक्षण तथा पंजीयन किया जा रहा था जानकारी के अनुसार लगभग 500 दिव्यांग जनों का परीक्षण किया गया वहीं मौके पर कुछ लोगों को ट्राई साइकिल आदि दी गई कार्यक्रम प्रभारी बृजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जो दिव्यांगजन शेष रह गए हैं 9 मार्च को खनियाधाना में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा उन्होंने बताया कि लगभग 26 दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण हेतु चयनित किया गया है कई दिव्यांग जनों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण एलिमको जबलपुर से डॉक्टर दीपक कुमार डॉक्टर प्राणेश मिश्रा श्रवण विशेषज्ञ डॉक्टर गौरव कुमार पी एंड ओ मौजूद रहे उन्होंने बताया कि जिन लोगों के परीक्षण किए गए हैं उनको आगे आवश्यकता के अनुसार बैटरी गाडी ट्राई साइकिल व्हीलचेयर कान की मशीन क चेयर वाकिंग स्टिक बैसाखी आदि उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे

# शहर कोतवाली पुलिस ने किया जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन




**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पुलिस विभाग की समीक्षा बैठकों में गणमान्य नागरिकों से समय - समय पर संवाद करने हेतु निर्देशन किया गया था।इस कड़ी में पुलिस अधीक्षक डॉ.असित यादव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के मार्गदर्शन में पुलिस एवं जनता के बीच जनसंवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया।शहर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार उईके एवं थाना प्रभारी सिटी निरीक्षक प्रवीण सिंह चौहान द्वारा संस्कृति गार्डन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों से जनसंवाद किया गया।बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस ने सुझाव मांगे जिस पर लोगो ने बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था,पुलिस गस्त,बाजार व्यवस्था,नाईट गश्त और चौकियों पर नियमित पुलिसकर्मियों की तैनाती करने को लेकर सुझाव दिए ।पुलिस ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि एफआईआर में झूठे नाम न लिखावे ( खास कर पढ़ने वाले बच्चों के ) कोई भी संदिग्ध परिस्थितियां अपराध घटित होते देखते हैं,तो तुरंत पुलिस को डायल हंड्रेड या थाने के नंबरों पर सूचित करे,वाहनों से स्टैंड करते हुए रीलबाजी न करे,हर्ष फायर न करे,रक्षा समिति से भी जुड़ने की पुलिस ने अपील की । मंच संचालन पत्रकार गणेश भारद्वाज ने किया।सिटी कोतवाली के जनसंवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी,कर्मचारी, अधिवक्तागण,पार्षद,व्यापारीगण,वविद्यार्थी तथा पत्रकारबंधु सम्मिलित हुए।

# देहात कोतवाली पुलिस ने जनसंवाद कार्य्क्रम किया आयोजित

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पुलिस विभाग की समीक्षा बैठकों में गणमान्य नागरिकों से समय - समय पर संवाद करने हेतु निर्देशन किया गया था।इस कड़ी में पुलिस अधीक्षक डॉ.असित यादव के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के मार्गदर्शन में पुलिस एवं जनता के बीच जनसंवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया।पुलिस लाइन रक्षित निरीक्षक अरविंद सिंह सिकरवार एवं थाना प्रभारी देहात निरीक्षक प्रदीप कुमार सोनी द्वारा पुलिस लाइन के हॉल में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों से जनसंवाद किया गया।बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस ने सुझाव मांगे जिस पर लोगो ने बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था,पुलिस गस्त,बाजार व्यवस्था,नाईट गश्त और चौकियों पर नियमित पुलिसकर्मियों की तैनाती करने को लेकर पुलिस ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि एफआईआर में झूठे नाम न लिखावे (खास कर पढ़ने वाले बच्चों के ) कोई भी संदिग्ध परिस्थितियां अपराध घटित होते




देखते हैं,तो तुरंत पुलिस को डायल हंड्रेड या थाने के नंबरों पर सूचित करे,वाहनों से स्टैंड करते हुए रीलबाजी न करे,हर्ष फायर न करे,रक्षा समिति से भी जुड़ने की पुलिस ने अपील की । मंच पर मुख्य रूप से डॉ. देवेश शर्मा आदि मौजूद रहे।देहात कोतवाली के जनसंवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी,कर्मचारी, अधिवक्तागण,पार्षद,व्यापारीगण,व विद्यार्थी तथा पत्रकारबंधु सम्मिलित हुए।

# पर्यटन विभाग की टीम पहुंची नोहटा एवं बांदकपुर

**पुष्पांजली टुडे**



दमोह। मध्य प्रदेश शासन में पर्यटन संस्कृति धार्मिक एवं धर्मस्य विभाग के मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निर्देशन में पर्यटन विभाग की टीम नोहटा में बांदकपुर पहुंची नोहटा में पर्यटन विभाग के अधिकारियों के द्वारा गौरैया व्यारमा नदी के तट पर पहुंचकर सर्वे किया इसके बाद थाना प्रांगण पहुंची थाने की पुरानी बिल्डिंग का सर्वे किया जहां नोहटा नगर में बिखरी पड़ी प्राचीन मूर्तियां का संग्रहालय बनाने हेतु सर्वे किया।इसके पश्चात बुंदेलखंड के प्रसिद्ध धार्मिक क्षेत्र देव श्री जागेश्वर नाथ धाम पहुंचे जहां मंदिर कमेटी से बैठक कर बांदकपुर के नक्शे का अवलोकन किया इसके बाद मंदिर प्रांगण मार्केट एवं खाली जगहो पर लगभग तीन से चार घंटे तक सर्वे किया। इस दौरान मुख्य अभियंता दिलीप श्रीवास्तव,कार्यपालन यंत्री किशोर कुमार चौरसिया, एसडीओ मनीष डेहरिया, कंसल्टेंट आर्किटेक्ट श्रुति पुरोहित, पर्यटन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ बांदकपुर धाम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश मेहता , पंकज श्रीवास्तव, रामकृपाल पाठक,वीरू नेमा,मंत्री लोधी के अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी , निज सहायक ओम प्रकाश महोविया, उमेश यादव , अनुराग नेमा सहित ब?ी संख्या में कार्यकर्त्ताओ कि उपस्थिति रही।

# नंदूपुर रुदौली में विशाल दंगल का किया गया आयोजन





चुनार/मिर्जापुर। महान पूर्वांचल केसरी, महान पूर्वांचल कुमार, महान पूर्वांचल अभिमन्यु, महान पूर्वांचल बाल केसरी के तत्वाधान में आयोजित किया गया नंदूपुर रुदौली में विशाल दंगल प्रतियोगिता। इस दंगल प्रतियोगिता में दिनांक 29 फरवरी 2024 समय दोपहर 12ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक महान पूर्वांचल केसरी के तहत 70 किलोग्राम के ऊपर महान पूर्वांचल कुमार के पहलवानों का वजन 60 से 70 किलोग्राम तक वहीं पर महान पूर्वांचल अभिमन्यु के पहलवानों का वजन 50 से 60 किलोग्राम तक उम्र 17 वर्ष तक तथा महान पूर्वांचल बाल केसरी का वजन 40 गुरुग्राम से 50 किलोग्राम उम्र 15 वर्ष तक होना अनिवार्य है। वहीं पर इस दंगल प्रतियोगिता में महान पूर्वांचल केसरी के तरफ से प्रथम पुरस्कार 25 000 रुपए+ गदा +पट्टा; द्वितीय पुरस्कार ?12000, तृतीय पुरस्कार ?3000 व महान पूर्वांचल कुमार के तरफ से प्रथम पुरस्कार 15 000 रुपए + गदा + पट्टा; द्वितीय पुरस्कार 7500 रुपए, तृतीय पुरस्कार 1500 रुपए एवं महान पूर्वांचल अभिमन्यु की तरफ से प्रथम पुरस्कार 10000 + गद्दा + पट्टा; द्वितीय पुरस्कार ?5000 तृतीय पुरस्कार 1500 रुपए तथा महान पूर्वांचल बाल केसरी के तरफ से प्रथम पुरस्कार ?2100 + गदा + पट्टा; द्वितीय पुरस्कार 1000 व तृतीय पुरस्कार ?500 रखा गया है। वहीं पर बता दें कि इस दंगल प्रतियोगिता में क्षेत्र के पहलवानों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया, लगभग 125 पहलवानों ने दंगल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों ने बहुत सहयोग किया जिसमें प्रमुख रूप से छेदीलाल यादव एट भट्ठा मालिक रविंद्र यादव ईंट भट्ठा मालिक रामचंद्र यादव ईंट भट्ठा मालिक ने सहयोग राशि में प्रमुख भूमिका निभाई। वहीं पर कार्यक्रम के संयोजक दंगल संरक्षक संजय यादव आर्मी सूबेदार द्वारा विशेष रूप से सहयोग दिया गया कार्यक्रम के आयोजक एवं व्यवस्थापक चंद्रशेखर यादव संजय यादव ने अहम भूमिका निभाते हुए सारी तैयारी करके कार्यक्रम को सफल बनाए। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक के सहयोगी भुलई पहलवान उस्ताद, रामचंद्र यादव ईंट भट्ठा मालिक, छेदी यादव ईंट भट्ठा मालिक, राजेंद्र यादव ईंट भट्ठा मालिक, आत्मा सिंह ईंट भट्ठा मालिक, रामधनी यादव ऑपरेटर, डॉ आनंद यादव, सुनील गौतम जी, टुनटुन सरदार, पारस यादव, रुदौली दंगल मलिक शिव शंकर यादव, अमरनाथ यादव, रवींद्र पटेल प्रधानाचार्य मॉडल इंटर कॉलेज, शिवपाल यादव कोटेदार सहित उमेश पहलवान, वीरेंद्र पहलवान, बेचू यादव, राधे यादव, नरेश यादव, मटरू यादव, राजू यादव, छविनाथ यादव, अनिल यादव, सतीश यादव, सुभाष यादव, पप्पू यादव, सुरेंद्र यादव अशोक यादव, राजेंद्र यादव उपस्थित रहे। वहीं पर इस कार्यक्रम का संचालन लालजी यादव उर्फ झगड़ु यादव और कार्यक्रम का संबोधन लाल जी पहलवान महासचिव कुश्ती संघ उत्तर प्रदेश भारतीय पद्धति ने किया।

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित

# सुरेंद्र सिंह तोमर होंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष व युवा पत्रकार रविन्द्र सिंह पवैया को राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी का दायित्व

**अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की कार्यकारणी की हुई घोषणा इस प्रकार हैं**

सुरेंद्र सिंह तोमर राष्टीय अध्यक्ष, राजीव भदौरिया, राष्टीय कार्यकारी अध्यक्ष, राजेश सिंह कुशवाह, राष्टीय प्रमुख महामंत्री,श्याम सिंह तोमर राष्टीय कोषाध्यक्ष एवं रवीन्द्र सिंह सिकरवार राष्टीय उपाध्यक्ष बनाए गए नई दिल्ली। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के संरक्षक श्री डा शिवराम सिंह गौर की अध्यक्षता में आयोजित राष्टीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित पदाधिकारियों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है जिसमें सुरेन्द्र सिंह तोमर राष्टीय अध्यक्ष, राजीव सिंह भदौरिया कार्यकारी अध्यक्ष, राजेश सिंह कुशवाह राष्टीय प्रमुख महामंत्री, श्याम सिंह तोमर कोषाध्यक्ष प्रहलाद सिंह तंवर उपाध्यक्ष, भैंरों सिंह चौहान उपाध्यक्ष,अंगद सिंह भदौरिया उपाध्यक्ष, राजबहादुर सिंह राणा श्याम सिंह तोमर उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष,डा डी पी सिंह गौर उपाध्यक्ष, रवीन्द्र सिंह सिकरवार पत्रकार उपाध्यक्ष जनक सिंह भदौरिया उपाध्यक्ष, श्याम सिंह तोमर उपाध्यक्ष सतेंद्र सिंह भदौरिया महामंत्री,शिव सिंह परिहार महामंत्री, राजेन्द्र सिंह परिहार महामंत्री, कुलदीप सिंह सिकरवार महामंत्री, हेमलता तोमर महामंत्री,अजीत सिंह तोमर मंत्री,विजय सिंह भदौरिया मंत्री, अबोध तोमर मंत्री, शैलेन्द्र सिंह कुशवाह मंत्री, जगन्नाथ सिंह मंत्री, हरेंद्र सिंह राघव मंत्री,डीव्हीएम चौहान मंत्री, अखिल भदौरिया संगठन मंत्री, सुनील सिंह तोमर संगठन मंत्री, राजेश भदौरिया प्रचार मंत्री, महेंद्र सिंह बैस प्रचार मंत्री,आर एस परिहार प्रचार मंत्री, राजीव सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष उप्र, सतेंद्र सिंह तोमर अध्यक्ष छत्तीसग?,लक्क्ष्मेश सिंह अध्यक्ष राजस्थान, पुष्पेन्द्र सिंह राठौ? अध्यक्ष दिल्ली, अर्जुन सिंह भदौरिया कार्यकारी अध्यक्ष मप्र,इंजी अनूप तोमर युवा राष्टीय महामंत्री, एवं रविन्द्र सिंह पवैया राष्टीय मीडिया प्रभारी मनोनीत किए गए हैं।

# बहुत कठिन है डगर गुरूकुल के, कैसे जाएं पढ़ने बच्चें स्कूल के।





**मीरजापुर।** विकास खण्ड-जमालपुर,मीरजापुर क्षेत्र में स्थित मुराहु सिंह इंटर कॉलेज एवं प्राथमिक विद्यालय मनऊर, मीरजापुर के प्रवेशद्वार के सामने सड़क पर इस समय बहुत सारा कीचड़ फैला हुआ है,जिससे लोगों का इस मार्ग से निकलना मुश्किल हो गया है।हर-घर,जल-नल योजना वालों की मेहरबानी एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण थोड़ी सी बरसात में ही इस मार्ग पर पानी लग जाता है और वाहनों के आवागमन से इस मार्ग पर बहुत सारा कीचड़ फैल जाता है। ग्रामीणों के साथ-साथ इसी मार्ग से स्कूल के बच्चें भी प्रतिदिन पढ़ने आते-जाते हैं।आप कल्पना कर सकते हैं कि जब फरवरी के महीने में एक हल्की सी बरसात में मार्ग में इतना कीचड़ फैला हुआ है तो बरसात के दिनों में कैसा रहता होगा और स्कूल के बच्चे कैसे पढ़ने जाते-आते होंगे।इस समय मनऊर इंटर कालेज में यूपी बोर्ड का परीक्षा भी चल रहा है और इसी कीचड़ भरे रास्ते से बच्चें किसी तरह से बचते-बचाते परीक्षा देने जाने के लिए मजबूर हैं।मुख्य संपर्क मार्ग होने साथ-साथ इसी मार्ग पर शिव मंदिर,पंचायत भवन,मंडी परिसर,शुलभ शौचालय,शंकर सरोवर आदि सार्वजनिक स्थान स्थित है जो रास्ता खराब होने के चलते गांव वासियों के लिए अनुपयोगी हो चुके है।पिछले कई वर्षों से यह मार्ग अपने कायाकल्प का इंतजार कर रहा है और इंतजार है कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा है।अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह सहित क्षेत्र के शिवप्रसाद सिंह,रामशरण सिंह,बशिष्ठ सिंह,सत्यपाल सिंह,सुरेंद्र सिंह,राम आसरे सिंह,सुभाष सिंह,अमीत सिंह,राजन गुप्ता,शशि सिंह,विनोद सिंह,मनोज सिंह आदि लोगों द्वारा इस मार्ग की उपयोगिता एवं पढ़ने वाले बच्चों के आने-जाने की कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए शासन से अतिशीघ्र इस मार्ग के निर्माण किये जाने की मांग की गई।

# सारडीह बैराज में एनडीआरएफ टीम द्वारा बाढ़ एवं आपदा से बचाव का किया गया जीवंत प्रदर्शन

**स्कूली विद्यार्थियों ने भी एनडीआरएफ टीम के मॉकड्रिल से आपदा से बचाव के सीखे गुण**





सक्ती, / कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में आज जिले के साराडीह बैराज में मुंदाली कटक ओडिसा की 03 बटालियन एनडीआरएफ के द्वारा मॉकड्रिल के तहत बाढ़ आपदा में फंसे लोगों को सुरक्षित ढंग से बाहर निकालने का सफल और जीवंत प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साराडीह, सकराली, किरारी, कोटमी के नेशनल कैडेट कोर, स्काउट गाइड के स्कूली छात्र छात्राओं को आकस्मिक आपदा पर बाढ़ आपदा से निपटने में सक्षम बनाने के लिए साराडीह बैराज में मॉक ड्रिल का जीवंत प्रदर्शन किया गया । इस दौरान बचाव दल के जवानों ने आपदा के समय व्यक्ति को पानी के भीतर खोजने से लेकर उन्हें सुरक्षापूर्वक लाइव बोट तक लाने का मॉक ड्रिल के तहत सफल प्रदर्शन किया। बचाव के दौरान उपयोग होने वाले सभी उपकरणों का डेमो किया। इसमें सही तरीके से लाइफ जैकेट पहनना, डूबते व्यक्ति को तैराक द्वारा बचाना, अंडरवाटर ड्राइविंग एवं पानी के भीतर व्यक्तियों को पता लगाने की प्रक्रिया का भी जवानों ने जीवंत प्रदर्शन किया। इसके अलावा जवानों ने परंपरागत तरीके से निर्मित गांव में उपलब्ध सामानों से बचाव के उपकरण तैयार करने और बचाने के तरीके भी बताएं। इस दौरान मोटर बोट, फुल बॉडी हार्नेस, लाइफ ब्वॉय लाइफ जैकेट, स्ट्रेचर रस्सी फर्स्ट एड बॉक्स आदि का प्रदर्शन व उपयोग के तरीके बताए गए। इस अवसर पर टीम का नेतृत्व कर रहे अधिकारियों में एनडीआरएफ की ओर से डिप्टी कमांडेंट श्री कन्हैया योगी, सब इंस्पेक्टर श्री प्रमोद कुमार, श्री राजीव कुमार, जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम मालखरौदा श्री अरुण सोम, डिप्टी कलेक्टर श्री रूपेंद्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर श्री विश्वास कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी. एल. खरे, सभी तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साराडीह, सकराली, किरारी, कोटमी के एनसीसी, स्काउट गाइड के स्कूली छात्र छात्राएं सहित जल संसाधन विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# दहेज एक कुप्रथा–शिवानी जैन एडवोकेट

ऑल ह्यूमंस सेव एंड फॉरेंसिक फाउंडेशन डिस्टिक वूमेन चीफ शिवानी जैन एडवोकेट ने कहा दहेज प्रथा देश के सामाजिक और आर्थिक विकास को रोकती है। हमें इसे समाप्त करने के लिए संघर्ष करना चाहिए ताकि समाज एक न्यायपूर्ण, समतापूर्ण और उद्धारवादी दिशा में बढ़े। यह प्रथा भारतीय समाज में बहुत समय से मौजूद है और यह एक गंभीर सामाजिक समस्या के रूप में मानी जाती है।थिंक मानवाधिकार संगठन की एडवाइजरी बोर्ड मेंबर डॉ कंचन जैन ने कहा कि इस प्रथा के चलते नारी जीवन त्रस्त है। ना जाने कितने कन्याएं इसकी बलिवेदी पर जल रही है। हमारी सामाजिक संरचना इससे बुरी तरह प्रभावित हुई है। लंबी अवधि की गुलामी ने भारतीय



समाज को जर्जर और कुंठाग्रस्त बना दिया है इसके चलते हमारा समाज विभिन्न प्रकार की कुर्तियों का संग्रह बन गया है। दहेज प्रथा इन्ही कुरीतियों में सबसे विषम कुरीति है। दहेज की रूढि के चलते भारतीय समाज निराश के अंधकार में भटक रहा है।मां सरस्वती शिक्षा समिति के प्रबंधक एवं प्राचीन मानवाधिकार काउंसिल सदस्य डॉ एच सी विपिन कुमार जैन, संरक्षक डॉ आरके जैन, ज्ञानेंद्र चौधरी एडवोकेट, आलोक मित्तल एडवोकेट, निदेशक डॉक्टर नरेंद्र चौधरी, डॉ अमित गुप्ता,सार्क फाउंडेशन की तहसील प्रभारी डॉ एच सी अंजू लता जैन, बीना एडवोकेट, मीरा एडवोकेट आदि ने कहा कि दहेज प्रथा रूढ़िवादिता, शोषण एवं सामाजिक अंधविश्वास का जीता जागता उदाहरण है। यह विशाल सर्प की तरह पूरे समाज को अपनी कुंडली में समेटे हुए हैं।जितना वह शिक्षित होते हैं उसी अनुसार वह वधू पक्ष से दहेज की डिमांड करते हैं। वर को दहेज से तौला जाता है। वर्तमान समय में दहेज का इतना डिमांड हो रहा है कि कन्या के पिता की पूरी जीवन की ?कमाई उसमें चला जाता है।उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न प्रकार की कुरीतियों में दहेज प्रथा बहुत बड़ी कुरीति है। जबकि दहेज लेना और देना कानूनी अपराध है।

**शिवानी जैन एडवोकेट**
**डिस्ट्रिक्ट वूमेन चीफ**

# लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया लाभार्थियों से संपर्क।

वाराणसी। जनपद के कंदवां स्थित वार्ड नंबर-19 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा की अध्यक्षता में लाभार्थियों से जनसंपर्क करते नजर आए। जनसंपर्क अभियान में गोपाल पटेल पार्षद प्रतिनिधि, सुशीला देवी पार्षद, बिहारी लाल पटेल, संजय मिश्रा, सूर्यमणि केसरी, शिवकुमार वर्मा, जितेंद्र केसरी मंडल अध्यक्ष (कर्दमेश्वर मंडल), अनिल कुमार सिंह, राजेश कुमार विश्वकर्मा, राजेंद्र पांडे, राजू प्रजापति (पूर्व मंडल अध्यक्ष), राघवेंद्र पांडे, शशिकांत कुशवाहा, सुषमा सिंह मंडल महामंत्री सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता लाभार्थियों से जनसंपर्क करते नजर आए

# ग्वालियर - चम्बलांचल में न्याय यात्रा के प्रवेश करने पर प्रो. डॉ. चिमन्नलाल हिंडोलिया के नेतृत्व में हजारों लोगों ने किया जोरदार स्वागत



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर/मुरैना । राष्ट्रीय स्तर पर चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का नेतृत्व कर रहे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी एवं उनके साथ चल रहे लाखों यात्रियों का ग्वालियर - मुरैना मार्ग पर कई किलोमीटर तक बैनरों और होर्डिंगों को लगाकर एवं बामौर के पास स्वागत द्वार एवं बड़ा मंच लगाकर भिण्ड - दतिया लोकसभा से संभावित उम्मीदवार वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रोफेसर डॉ. चिमन्नलाल हिंडोलिया के नेतृत्व में जिला भिण्ड एवं जिला दतिया से गए हजारों समर्थकों के साथ 02 मार्च 24 को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मध्यप्रदेश में प्रवेश करने पर जोड़दार स्वागत किया गया । बामौर के पास स्वागतकर्ताओं में मुख्य रूप से कांग्रेस कमेटी भिंड जिला संगठन मंत्री इरशाद अहमद,मप्र कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर भारद्वाज, समाजसेवी भागीरथ सिंह कुशवाहा, रामजीलाल, सोमनाथ शर्मा, डॉ विजय सिंह कुशवाह,सुलेमान खान,मंसूरी मौसम अली,तिलक सिंह राजोरिया, रहमान खान पप्पू ,शैलेंद्र सिंह,इसाक खान,श्रीमती उषा डाकरे,रईस खान गोरमी,असलम वारसी,जाहिद खान, डिंपल सोनी,राकेश यादव,मुन्नालाल जाटव,रामसिया,नीलेंद्र श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# सुनी समस्या मांगे सुझाव, निराकरण का भी दिया भरोसा

बैरसिया।। रविवार को बैरसिया थाना परिसर में पुलिस जन संवाद किया गया। जिसमें भोपाल देहात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ नीरज चौरसिया एसडीओपी आनंद कालादगी थाना प्रभारी नरेंद्र कुलस्ते ने उपस्थित नगर के पत्रकार व्यापारी किसान संगठन के लोग एवं नगर के प्रबुद्ध जनों से समस्याओं को जाना तथा समस्या संबंधित निराकरण करने के सुझाव भी मांगे?? और निराकरण करने का भरोसा दिया संवाद में लोगों ने अवैध कच्ची शराब विक्रय व तेज़ गति से दौड़ती यात्री बसों पर रोक लगाने की बात कही और कृषि मंडी गेट पर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की

# ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने स्कूल भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु भूमिपूजन किया

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

ग्वालियर। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने रविवार को पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन डीआरपी लाईन में 16 लाख की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कक्ष का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, वार्ड 3 पार्षद मंजू दिग्विजय सिंह राजपूत और जिला शिक्षा अधिकारी अजय कटियार, डीपीसी रविंद्र सिंह तोमर, पीएम श्री स्कूल के प्राचार्य सहायक संचालक अशोक पंवार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि सरकार ने हर बच्चे को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार दिया है और संविधान के 86वें संशोधन द्वारा शिक्षा के अधिकार को प्रभावी बनाया गया है। सरकारी स्कूल सभी बच्चों को मुफ्त शिक्षा उपलब्ध करायेंगे और स्कूलों का प्रबंधन बेहतर तरीके से हो इस बात की व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने सरकारी स्कूलों में शिक्षा के बेहतर प्रबंधन पर जोर दिया और कहा कि स्कूलों में संसाधनों की हर आवश्यकता की पूर्ति सरकार




कर रही है। लेकिन इसके साथ ही स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी है कि वह हर छात्र को बेहतर शिक्षा दे। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने छात्रों से आव्हान किया कि जीवन में सदैव सकारात्मक सोच को धारण करें। आप सकारात्मक रहेंगे तो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जैसा व्यक्तित्व बनने की ओर अग्रसर होंगे।

**ऊर्जा मंत्री ने किया चिकित्सा शिविर का शुभारंभ**-इससे पहले ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने किला गेट स्थित चिकित्सा शिविर में हिस्सा लिया। उन्होंने स्व.श्री नन्द किशोर अग्रवाल की पुण्यतिथि पर आयोजित होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते हुए। इस तरह के शिविरों के आयोजन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अनेक विसंगतियों और वैज्ञानिक प्रमाणित्का के बावजूद भारत सहित अनेक विकासशील देशों मे होमियोपैथी सस्ते और सुलभ चिकित्सा का महत्वपूर्ण अंग बना हुआ है। इसके पूर्व ऊर्जा मंत्री ने किला गेट के व्यापारियों से कुशलक्षेम पूछी और उनका हाल-चाल जाना। इसके बाद पानी पूड़ी की गुमटी पर जाकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पानी पूड़ी का आनंद लिया।

# केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने गुना की जनता की सेवा का मौका मिलने पर जताया केन्द्रीय नेतृत्व का आभार

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**



मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया

ग्वालियर। केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उन्हें गुना संसदीय क्षेत्र से भाजपा का उम्मीदवार घोषित किए जाने पर केन्द्रीय नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित किया है।सोशल मीडिया पर एक संदेश में केन्द्रीय ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मुझे गुना के बहनों-भाईयों की सेवा का जो अवसर दिया है, वो मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। उन्होंने आगे कहा कि इस विश्वास के लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री श्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा का हार्दिक धन्यवाद करता हूँ। उन्होंने कहा कि मुझे आशा और विश्वास है कि गुना की मेरी देवतुल्य जनता मुझे अपना आशीर्वाद देगी। मैं अपनी तरफ से उनकी उम्मीदों पर हर प्रकार से खरा उतरने का पूरा प्रयास करूँगा। इस संदेश में अंत में उन्होंने नारा दिया फिर एक बार मोदी सरकार।

# पुलिस और जनता के बीच बेहतर संबंध जरूरी. आई जी सुशांत कुमार सक्सेना







**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**

मालनपुर द्य मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने निर्देश दिए की प्रदेश भर में पुलिस और आम जनों के बीच जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं द्यइसी क्रम में मालनपुर मंगल गार्डन में पुलिस जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक चंबल संभाग सुशांत कुमार सक्सेना ने कहा की पुलिस जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित जरूरी है और शासन की भी यही मंशा है ऐसे कार्यक्रम अब होते रहेंगे । उन्होंने पुलिस अधिकारियों को कहा कि जनता को पुलिस अपने बीच में मौजूद नजर आनी चाहिए। कानून प्रिय लोगों को प्रसन्नता और अपराधियों को खौफ नजर आना चाहिए पुलिस उपमहानिरीक्षक ने भी कहा कि आम जनों को डरने की आवश्यकता नहीं है पुलिस हर संभव आपकी मदद के लिए खड़ी है और आपने जो सुझाव और समस्याएं बताई है उन पर जल्द ही अमल किया जाएगा

भिंड पुलिस अधीक्षक डा. असित यादव ने आम जनों से कहा कि क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा आप भय मुक्त होकर रहें हमारे द्वारा लगातार गुंडे बदमाशों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है हमें आपके सहयोग की आवश्यकता है,उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशन में पुलिस जनसंवाद कार्यक्रम अयोजित कर लोगो से संबंध बनाकर रखें जिससे आम जनों और पुलिस के बीच की खाई को दूर किया जाएगा, लोग पुलिस को परेशानी बताने में डरते हैं लेकिन डरे नहीं आप खुलकर समस्या बताएं और हम उस पर कार्रवाई करेंगे उन्होंने कहा मेरे रहते जिले में आम जनों को कोई समस्या नहीं आएगी उन्होंने पुलिस को भी बताया कि आम जनों से सही बर्ताव करें और गुंडा ,बदमाश, माफिया कितना ही बड़ा क्यों ना हो उस पर कार्यवाही करें उन्होंने आम जनों से कहा कि हमने आपकी शिकायतें और सुझाव सूचीबद्ध किए हैं और जल्द ही उन पर अमल किया जाएगा द्य आप जागरूक रहें सजग रहें कहीं भी कोई भी अपराधिक गतिविधियां संचालित हो रही है तो आप गोपनीय तौर पर पुलिस को शिकायत करें ताकि क्षेत्र मेंआमजन भय मुक्त रह सकेद्य

**पुलिस अधिकारियों से आम जनों ने की खुलकर बात**-पुलिस जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्ध जन, जनप्रतिनिधि ,गणमन नागरिक व्यापरीकरण, उद्योग क्षेत्र के प्रबंधक , प्रतिनिधि गण मौजूद रहे कार्यक्रम में प्रबुद्ध जनों ने कहा की पुलिस की समाज के निर्माण में बहुत बड़ी भूमिका होती है,उद्योगपति जितेंद्र नागवानी ने भी अपनी बात रखी और टोल पर आ रही समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया, उद्योग से जुड़े मुकेश भाटिया ने भी अपनी बात राखी और रात्रि गस्त को लेकर स्थानीय पुलिस की प्रशंसा की, मालनपुर में संचालित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की टीचर श्रीमती दीपा सिंह भदोरिया ने अधिकारियों को अवगत कराते हुए कहा कि विद्यालय की छुट्टी समय में तमाम आवारा किस्म के लड़के घूमते हैं जिससे विद्यालय आने वाली लड़कियों को परेशानी होती है अधिकारियों ने तत्काल स्थानीय पुलिस को गस्त करने संकेत दिए पुलिस से डरने की जरूरत नहीं है आप अपनी समस्या खुलकर पुलिस को बताएं अधिकारी उस पर उचित कार्रवाई करेंगे आमजन और पुलिस का ताल मेंल जरूरी है ,और उन्होंने कहा कि क्षेत्र में कोई भी गुंडा बदमाश अपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहा है तो वह घर का ही क्यों ना हो तत्काल पुलिस को सूचना दें ताकि पुलिस समय रहते कार्यवाही कर सके और बड़ी घटना होने से रोकी जा सके

उन्होंने अधिकारियों से निवेदन किया कि मंदिर, स्कूल व कॉलेज के आसपास महिलाओं व छात्राओं पर मावली, उचक्के, छिछोरे लोग फब्तियां कसते है। मनचलें तेजगति से वाहन दौड़ा रहे है। ऐसे प्रमुख स्थानों पर पुलिस की गश्त हो तो आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा इस **पर भी अधिकारियों ने उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाय**-नोनेरा सरपंच ने अधिकारियों से कहा कि हमारे गांव में रेलवे स्टेशन है यहां पर यात्रियों का आना जाना रहता है और लूटपाट जैसी घटनाएं होती रहती है वहां पुलिस गस्त करवाने की उन्होंने मांग की जिस पर पुलिस अधीक्षक ने तत्काल थाना प्रभारी को कहा कि समय-समय पर वहां गस्त करेंद्य गोहद एसडीओपी सौरव कुमार ने सभी पुलिस अधिकारियों का अभिवादन किया और आम जनों से कहा कि हम आपके विश्वास पर खरे उतरेंगे आपने जो सुझाव और शिकायतें की है उन पर उचित कार्रवाई की जाएगी बस आप हमारा सहयोग करते रहिए, आप भय मुक्त हो कर रहे हैं गुंडे बदमाशों पर निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी, कार्यक्रम में मालनपुर थाना प्रभारी विश्व दीप सिंह परिहार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे द्य कार्यक्रम में मालनपुर उद्योग संघ के सचिव जितेंद्र नागवानी, नगर परिषद अध्यक्ष रायश्री मुकेश किरार , पूर्व मंडी अध्यक्ष मेहताब सिंह गुर्जर, समाजसेवी विश्वनाथ सिंह गुर्जर, , गिर्राज उपाध्याय,मुकेश भाटिया , संतोष पाठक महेंद्र सिंह अभिषेक पांडे , योगेश सिंह चौहान धर्मवीर सिंह ,सचिन जायसवाल, जगदेव सिंह सनफार्मा, शरद कुमार, आनंद शर्मा , रघुवीर सिंह तोमर विद्युत विभाग से हरीश मेहता उप महाप्रबंधक, हायर सेकंडरी विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती उमा सिंघल, धनंजय शर्मा,सामंत सिंह गुर्जर सरपंच इकहरा, मुरारी सिंह सरपंच तुकेंडा,भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र गौड़, पार्षद पुत्र रॉकी जैन, होतम सिंह पार्षद, इत्यादि विभिन्न कंपनियों के प्रबंधन गणमान्य नागरिक

# पुलिस अधिकारियों के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर सामान बेचने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने राजस्थान से किया गिरफ्तार

## क्राइम ब्रांच की सायबर क्राइम विंग व माधौगंज पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

**ग्वालियर**-- पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे को आवेदक पुनीत शीतलानी ने एक शिकायती आवेदन दिया कि मेरी फेसबुक पर एडिशनल एसपी श्री राजेश दण्डोतिया के नाम की फेसबुक आईडी से एक पोस्ट डली हुई थी जिसमें लिखा था कि मेरा दोस्त सीआईएसएफ में है जिसका ट्रांसफर होने से वह अपने घर का सामान बेचना चाहता है। उस पोस्ट पर नीचे एक नंबर लिखा हुआ था। मेरे द्वारा जब उस मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क किया गया तो बात करने वाले व्यक्ति ने अपना नाम राजू दास बताया व महाराजपुरा एयरपोर्ट पर काम करना बताया, उसने बताया की मेरा ट्रांसफर आयोध्या एयरपोर्ट पर हो गया है। जिस कारण से मे अपने घर का सामान ग्वालियर मे बेचना चाहता हूँ। उक्त व्यक्ति घर का सामान काफी सस्ते दामों मे बेच रहा था। इसलिये मैं सामान खरीदने के लिये तैयार हो गया। इसके बाद उस व्यक्ति के द्वारा मुझसे एडवांस 48000/- रूपये डिलीवरी और अन्य चार्जेस के नाम पर ट्रांसफर करवा लिये बाद में उसके द्वारा और भी रूपयों की मांग लगातार की जा रही है। आज दिनांक तक मुझे न ही कोई सामान मिला और ना ही पैसे वापस मिले है। मुझे पता चला है कि उक्त फेसबुक आईडी फर्जी है और मेरे साथ ठगी हुई है। उक्त शिकायत को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक ग्वालियर ने अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) श्री ऋषिकेश मीना,भापुसे एवं अति0 पुलिस अधीक्षक शहर(पश्चिम) श्री गजेन्द्र वर्धमान को क्राइम ब्रांच की सायबर क्राइम विंग एवं थाना माधौगंज पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर उक्त शिकायत पर कार्यवाही करवाने हेतु निर्देशित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशो के परिपालन में सीएसपी लश्कर/एएसपी क्राइम श्री आयुष गुप्ता,भापुसे व डीएसपी अपराध श्री नागेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अपराध शाखा ग्वालियर निरीक्षक अजय सिंह पंवार, सायबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह तोमर* एवं थाना प्रभारी माधौगंज निरी धर्मेन्द्र सिंह यादव के द्वारा सायबर क्राइम विंग एवं थाना माधौगंज की संयुक्त टीम को उक्त शिकायती आवेदन पर कार्यवाही करने हेतु लगाया गया। उपरोक्त आवेदक की शिकायत पर से थाना माधौगंज में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। दौराने विवेचना सायबर टीम को तकनीकी जानकारी के आधार पर ज्ञात हुआ कि उक्त फ्रॉड राजस्थान जिला अलवर ग्राम ककरौली से संचालित किया जा रहा है। जिस पर से पुलिस टीम को राजस्थान रवाना किया गया। पुलिस टीम ने जब राजस्थान में पहुंची तो पता चला कि पूरा ककरौली ग्राम सायबर फ्रॉड में संलिप्त है। गॉव के शुरूआती रास्ते में गांव के ही कुछ लोग बैठे रहते है जो कि बाहरी व्यक्ति व पुलिस की गा?ी को देखते ही गांव के लोगों को सुचित कर देते है। जिससे सायबर अपराधी फरार हो जाते है। जिस पर से पुलिस टीम ने कुछ दिन अलवर में ही रूककर आरोपियों का गांव से बाहर आने का इंतजार किया, जैसे ही आरोपी गांव के बाहर आया उसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पक? लिया गया। पक? गये आरोपी ने पड़ताछ में बताया कि वह ककरौली गांव में ही निवास करता है तथा वह ऐसे पुलिस अधिकारियों की प्रोफाइल सर्च करते हैं जा ब? पद पर होते हैं व जिनकी फ्रेंड फोलोइंग अधिक होती है। ऐसे अधिकारियों की ऑरिजनल फेसबुक आईडी से उनकी कुछ फोटो कॉपी करके उनके नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उनकी फ्रेंड लिस्ट में जुडें लोगों को मैसेज व पोस्ट शेयर करते है। पोस्ट में हम सस्ते सामान बेचने के नाम पर ठगी करते है। पक? गये आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह फर्जी सिम व फर्जी बैंक अकाउंट का उपयोग करते है। पक? गये आरोपी ने ग्वालियर जिले के और भी लोगों के साथ ठगी करना बताया है। जिनके संबंध में पूछताछ की जा रही है।

**आमजन के लिये सूचना**:- किसी भी फेसबुक/इंस्टाग्राम आईडी से मैसेज आने या पोस्ट प्राप्त होने पर पहले पुष्टी कर ले कि उक्त आईडी उनके परिचत व्यक्ति की है या नही। किसी भी अंजान व्यक्ति से कोई भी सामान खरीद रहे हैं तो सामान प्राप्त होने के बाद ही पैमेंट करें। किसी भी अंजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट ना करें। किसी भी प्रकार का सायबर फ्रॉड होने पर तत्कान 1930 व नजदीकी थाने के इसकी शिकायत करें।

**सराहनीय भूमिका** - थाना प्रभारी अपराध शाखा निरी0 अजय सिंह पंवार, सायबर क्राइम प्रभारी निरी0 राजेश सिंह तोमर, थाना प्रभारी माधौगंज निरी0 धर्मेन्द्र यादव, उनि0 कीर्ती अजमेरिया, धर्मेन्द्र शर्मा, हरेन्द्र सिंह राजपूत, रवि लोधी, प्र.आर0 सुनील शर्मा, मुकेश चौहान, सत्येन्द्र सिंह कुशवाह, सुरेन्द्र तोमर, आर0 ओमशंकर सोनी, गौरव पवार, शिवशंकर शुक्ला, श्यामू मिश्रा, सुमित सिंह भदौरिया, हरीओम व्यास, नवीन पाराशर, कपिल पाठक, सोनू, मआर0 सुनीता कुशवाहा, मेघा श्रीवास्तव व थाना माधौगंज से सउनि0 अनूप शर्मा, प्र.आर0 आनंद बसंल की भूमिका

# लूटा गया रियलमी कंपनी का मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल की जप्त

**ग्वालियर** - पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे द्वारा शहर में हो रही लूट की वारदातों को गंभीरता से लेते हुए उन पर अंकुश लगाने व लुटेरों की शिनाख्त कर पकड़ने हेतु सभी थाना प्रभारियों को टीम बनाकर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। दिनांक 01.03.2024 को मुरार पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि दिनांक 28.02.2024 को थाना मुरार क्षेत्रान्तर्गत बैजल कोठी चौराहा के पास पैदल जा रही महिला के हाथ से मोबाइल लूट कर ले जाने वाले बदमाश जडेरूआ बांध के तिराहे के पास देखे गये है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर से अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध/यातायात) ऋषिकेश मीना,भापुसे द्वारा थाना मुरार पुलिस को मुखबिर की सूचना की तस्दीक कर उक्त लूट के आरोपियों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी मुरार श्री राजीव जंगले के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक मदन मोहन मालवीय के द्वारा थाना मुरार पुलिस की टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर भेजा गया। पुलिस टीम को जडेरूआ बांध के तिराहे के पास मोटरसायकिल सवार दो संदिग्ध लड़के दिखाई दिये, जिन्होने पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा दोनो संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गये दोनों संदिग्धों से नाम पता पूछने पर उन्होने स्वयं को सिद्धेश्वर नगर थाठीपुर एवं अशोक कालोनी जिला ग्वालियर का रहने वाला बताया। पुलिस टीम द्वारा दोनों संदिग्धों से थाना मुरार में हुई लूट के संबंध में पूछताछ की तो उनके द्वारा पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रयास किया, परन्तु पुलिस टीम द्वारा दोनों संदिग्धों से गहनता से पूछताछ की तो उनके द्वारा दिनांक 28.02.2024 को बैजल कोठी चौराहा के पास एक महिला से मोबाइल लूटना स्वीकार किया तथा जडेरूआ बांध के तिराहे पर लूटा हुआ मोबाइल बेचने की फिराक में आना बताया।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478